शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 72 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 08 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली सरकार ने की ड्राई डे की घोषणा की

**नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 और अप्रैल-जून में पड़ने वाले त्योहारों के मद्देनजर ड्राई डे की तारीखों की घोषणा कर दी है। अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। आबकारी विभाग द्वारा जारी आर्डर के मुताबिक, दिल्ली में ईद-उल-फितर (11 अप्रैल), राम नवमी (17 अप्रैल), महावीर जयंती (21 अप्रैल), बुद्ध पुर्णिमा (23 मई) और ईद-उल-जूहा (17 जून) के दिन दिल्ली में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। विभाग ने हाल ही में जारी नोटिफिकेशन में कहा था कि उप्र के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में लोकसभा चुनाव के कारण 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से 26 अप्रैल की शाम 6 बजे तक (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले) दिल्ली में ड्राई डे रहेगा। यह उन सभी लाइसेंसधारियों पर लागू होगा, जिनकी दुकानें/परिसर उप्र के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिलों की सीमा के 100 मीटर के भीतर स्थित हैं। इसके अलावा, एक अलग अधिसूचना में एक्साइज विभाग ने कहा कि एनसीआर क्षेत्र में शहर की सात लोकसभा सीटों पर मतदान के लिए विभिन्न प्रकार की शराब की दुकानें और अन्य लाइसेंस प्राप्त परिसर 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की शाम 6 बजे तक (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले) बंद रहेंगी। वहीं लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान दिल्ली में शराब की दुकानें 04 जून को भी पूरे दिन बंद रहेंगी।

## कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की एक और सूची

**नई दिल्ली**

कांग्रेस की तरफ से जारी सूची के मुताबिक, प्रदीप विस्वास को बनगांव से, अजहर मोल्लिक को उलुबेरिया से और पापिया चक्रवर्ती को घाटल लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। बनगांव और उलुबेरिया में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है और घाटल में छठवें चरण में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस अब तक 13 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने भागाबनगोला विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अंजू बेगम को अपना उम्मीदवार बनाया है, जहां 7 मई को मतदान होना है।

# इंडी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना : मोदी

### इंडी गठबंधन यानी देशविरोधी नफरती ताकतों का ठिकाना, इंडी गठबंधन के पास न कोई विजन है, न विश्वविसनीयता

**पटना/नवादा**

लोकसभा चुनाव के माहौल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा पहुंचे। यहां जनता को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना। इंडी गठबंधन यानी देशविरोधी नफरती ताकतों का ठिकाना। इंडी गठबंधन के पास न कोई विजन है, न विश्वविसनीयता। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नवादा के कुंती नगर में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में इंडी गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा नेता कहता है कि वो असली नेता है। यहां तो घमासान मचा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग दक्षिण भारत अलग करने की बात कहते हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग के विचार हैं। ये घोषणा पत्र नहीं तुष्टिकरण का पत्र है। भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए इंडी गठबंधन बना है। हम कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। कांग्रेस-राजद एक भी वोट पाने के हकदार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राम मंदिर सरकारी तिजोरी से नहीं बना, बल्कि लोगों के चंदे से बना है। किसी ने 5, किसी ने 10 रुपये दिए। विपक्ष ने कहा कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे। क्या ये शोभा देता है। और जब उनकी पार्टी के कुछ लोग राम मंदिर आ गए, तो पार्टी से 6 साल के लिए निकाल दिया। ये पाप करने वालों को भूलना मत। मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को लंबे समय तक जंगलराज में जीवन गुजारना पड़ा। बिहार में एक वह भी समय था कि हर मां अपनी बेटियों के घर से बाहर निकलने पर डरती थीं। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। नीतीश कुमार और सुशील मोदी के प्रयासों से बिहार उन परिस्थितियों से बाहर निकला है। अब हर बहन के पास मोदी की गारंटी भी है।




"आज बिहार में आधुनिक एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे का आधुनिकीकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ़ रही हैं। यह सब आपके वोट के कारण हो रहा "

### 'अब मोदी की गारंटी है कि गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे'



**पीएम** कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है। मैं भी आपकी तरह ही गरीबी को जी कर यहां आया हूं। मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 के पहले देश की क्या स्थिति थी, करोड़ों देशवासियों के पास न घर था, न शौचालय था और न पीने के लिए स्वच्छ पानी। अस्पताल में इलाज के लिए गरीबों को दर-दर भटकना पड़ता था। गरीबी का बेटा मोदी गरीब का सेवक है। मैं जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। बीते दस वर्षों में जो काम हुआ वह आजादी के छह दशकों में भी नहीं हुआ था। जब नीयत सही होती है और हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी मिलते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साथियों मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है और सही समय है। हमलोग मिलकर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है। इसलिए 2024 का लोकसभा चुनाव काफी अहम हो गया है। बीते 10 साल में बिहार के लोगों ने देशहित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज बिहार में आधुनिक एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे का आधुनिकीकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ़ रही हैं। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह सब आपके वोट के कारण हो रहा है।

## लालू-राबड़ी राज कभी नहीं भूलिएगा : सीएम नीतीश



**पटना/नवादा**

**प्रधानमंत्री के** नवादा में राजग गठबंधन उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में रैली करने के दौरान सीएम नीतीश ने मंच से अपने संबोधन में कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार के द्वारा बहुत सहयोग मिलता है। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं। याद करिए जब हम लोग 2005 में आए थे और 2006 से सारा काम शुरू हुआ। खाली याद रखिएगा, जो कम उम्र के लोग हैं, वो भूल गए हैं। अपने बाल-बच्चों को भी बताइए। 2005 से पहले बिहार में क्या हाल था। सीएम नीतीश ने लालू-राबड़ी राज के दिनों को याद दिलाया और उसे नहीं भूलने की सलाह दी।

सीएम ने कहा कि आप शाम को घर से बाहर नहीं निकलते थे। उसको तो याद नहीं है। अब सब लोग शाम को चहल रहे हैं। आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था। हम लोग 18 वें साल में है। इससे पहले उन्हें मिला था 15 साल, पति-पत्नी राज किए, कोई काम हुआ था, कुछ नहीं हुआ था। पहले की स्थिति पूरे तौर पर लोगों को मालूम होना चाहिए था। कितना विवाद और झगड़ा होता था, हिंदू-मुस्लिम में भी खूब झगड़ा। 2006 के बाद कोई झगड़ा होता है। जब हम लोग आए तो सबको एकजुट किया। काम करने वालों को वोट दीजिए। 2010 के चुनाव में 50 फीसदों मुस्लिमों ने एनडीए को वोट दिया था। पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक महीने में 30-40 लोग आते थे। अब साल में एक हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए आ रहे हैं।

## 140 करोड़ लोगों के विकास के लिए मोदी जरूरी: सीएम पुष्कर सिंह धामी

**नई टिहरी**



**चंबा में** आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जहां कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए जमकर बरसे वहीं प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड का हितैषी बताते हुए कहा कि टिहरी में जी-20 के दो-दो सम्मेलन करवाने का मौका दिया। इससे देश-विदेश के लोगों के बीच टिहरी की पहचान बनी। मुख्यमंत्री धामी चंबा में टिहरी से लोकसभा सीट की उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड से विशेष लगाव है। इसका परिणाम है कि टिहरी का मास्टर प्लानिंग भी प्रधानमंत्री के दिलोदिमाग में है। टिहरी के लिए टनल की डीपीआर पर तेजी से कार्य हो रहा है। टिहरी के 7800 करोड़ के प्रोजेक्टों के तहत रिंग रोड़ का काम शुरू किया जा रहा है। टिहरी झील के विकास के लिए एडीबी की मदद से 1300 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। चुनाव से पहले 8 हजार करोड़ की घोषणाओं में टिहरी के लिए करोड़ों की योजनाओं की घोषणा की गई है। कांग्रेस पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस परिवार वाद, भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार को हमेशा बढ़ावा देती आई है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी देश के विकास के विकास की बात करते हैं।

## मेरी लड़ाई हरीश रावत से नहीं, विचारधारा और मुद्दों से है: त्रिवेन्द्र सिंह

**देहरादून**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत रावत ने कहा,"मेरी लड़ाई व्यक्तिगत तौर पर हरीश रावत से नहीं विचारधारा और मुद्दों से रही है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को मिलकर भेदेंगे।" बालावाला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा,"मेरी लड़ाई व्यक्तिगत तौर पर कभी किसी भी नेता से चाहे वह हरीश रावत हों या एसपी सिंह, उनसे नहीं रही। उनकी लड़ाई विचारधारा और मुद्दों से रही है। आज भी वह इस लड़ाई को लड़ रहे हैं।" उन्होंने कहा कि आज देश की मजबूती के लिए चाहे वह किसान संगठन, सामाजिक संगठन या वर्गीय संगठन हों, सभी भाजपा को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव अब एकतरफा दिखाई दे रहा है। आज भारत की अंतर चेतनाएं जागृत हुई हैं। भारत करवट बदल रहा है और अपने असली स्वरूप की ओर जा रहा है। सनातन की परंपरा आज उन्हें अंदर से कहीं ना कहीं कर रही है और उत्प्रेरित कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

उनके नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था अगले 3 सालों में तीसरे स्थान पर आ जाएगी। हम सभी के लिए गौरव की बात है कि हमें विकसित भारत निर्माण कार्य का मौका मिल रहा है। वर्ष 2047 का भारत नई पीढ़ी के लिए है। इसलिए आज सभी लोग देश को मजबूत बनाने, हमारी परंपरा और संस्कृति को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं।

## कांग्रेस के पास दिन रात केवल अंबानी और अदाणी का ही मुद्दा रहता है: गौरव



**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** से भाजपा में शामिल होने के बाद गौरव वल्लभ ने देश की सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) के खिलाफ अपने आरोपों को दोहराया। उन्होंने रविवार को कांग्रेस पर उद्योगपति गौतम अदाणी और देश के संपत्ति निमार्ताओं के साथ विवाद का आरोप लगाया है।


**गौरव वल्लभ ने कांग्रेस से की अदाणी की आलोचना बंद करने की अपील**

गौरव वल्लभ ने रविवार को एक साक्षात्कार में बताया कि उन्होंने कांग्रेस हाई कमांड से उद्योगपति गौतम अदाणी की आलोचना बंद करने की अपील की है। उन्होंने आगे बताया कि अमेरिका के हिंडनबर्ग द्वारा किए दावों में अदाणी को क्लीन चिट दे दी गई है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के पास दिन रात केवल अंबानी और अदाणी का ही मुद्दा रहता है। मैंने एकबार प्रेस कॉन्फ्रेंस में अदाणी के खिलाफ संदर्भ दिए थे, लेकिन सेबी की तरफ से अदाणी को क्लीन चिट दिए जाने के बाद से ही मैंने उनके बारे में कोई भी टिप्पणी नहीं की।

मैंने कांग्रेस नेताओं को भी सलाह दी कि सेबी द्वारा क्लीन चिट देने के बाद वे अदाणी की आलोचना करना बंद कर दें।" कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन करगे और सांसद राहुल गांधी को कई बार अंबानी और अदाणी की आलोचना करते हुए देखा गया है। उन्होंने देश के सबसे प्रसिद्ध उद्योगपति पर केंद्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुचित लाभ प्राप्त करने का भी आरोप लगाया है।

## अग्निबाण रॉकेट लॉन्चिंग की तीसरी कोशिश भी नाकाम

**श्रीहरिकोटा**



**चेन्नई स्थित अंतरिक्ष** स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। इसके पीछे अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है। बता दें कि अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था। इससे पहले शनिवार सुबह 7.45 बजे भी प्रक्षेपण की कोशिश की गई थी। यह दूसरा प्रयास था और यह भी सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद रविवार को सुबह 5.30 बजे पलॉन्चिंग का समय निर्धारित किया गया था लेकिन इसे भी सुबह 7.45 बजे के लिए टाल दिया गया। आईआईटी चेन्नई इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप का कहना है कि अग्निबाण के प्रक्षेपण को उड़ान के 92 सेकंड पर रद्द कर दिया गया। बता दें कि स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने नवंबर 2022 में विक्रम-एस सब-ऑर्बिटल रॉकेट को लॉन्च किया था।

## विश्वविद्यालयों को नई ऊंचाई देने में गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी अब बंटाएंगे हाथ

**नई दिल्ली:**

विश्वविद्यालयों में किसी भी छात्र के दाखिला लेने के दौरान उसका सामना सबसे पहले उन गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों से होता है, जिनका छात्र की पढ़ाई से कोई सीधा वास्ता नहीं होता है, लेकिन उनका बात-व्यवहार और दक्षता छात्र के मन में संस्थान को लेकर नई छवि गढ़ता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय बनाने में जुटे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फिलहाल इस दिशा में एक बड़ी पहल की है। विश्वविद्यालयों में काम करने सभी गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को क्षमता निर्माण से जुड़ा एक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# भाजपा 300 से ज्यादा सीटें जीतेगी: प्रशांत किशोर

### बंगाल और ओडिशा में टॉप पर रहेगी; राहुल वायनाड नहीं, हिन्दी बेल्ट से चुनाव लड़ें

**नई दिल्ली**

**पॉलिटिकल** स्ट्रेटजिस्ट प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर सरकार बनाने जा रही है। वह 300 से ज्यादा सीटें जीतेगी। हालांकि, उन्होंने भाजपा के 370 सीटें जीतने के दावे को खारिज कर दिया। विपक्ष की सुस्त और कमजोर रणनीति की वजह से भाजपा को दक्षिण और पूर्वी भारत में फायदा होता दिख रहा है। इन दो क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले पार्टी के वोट शेयर और सीटें बढ़ सकती हैं। ये दो क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पार्टी की पकड़ कमजोर है।




**ओडिशा-बंगाल में नंबर-1 पार्टी बनेगी भाजपा**

प्रशांत ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ओडिशा और पश्चिम बंगाल में नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। तेलंगाना में भाजपा पहले या दूसरे नंबर पर रह सकती है। तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर दोहरे अंक तक पहुंच सकता है। कुल 543 लोकसभा सीटों में से तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में 204 सीटें हैं। हालांकि, भाजपा 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों को मिलाकर 50 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी थी।

**राहुल हिंदी पट्टी में नहीं जीते, तो वायनाड जीतने का फायदा नहीं**

राहुल गांधी को लेकर प्रशांत किशोर ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में है, लेकिन उनके नेता मणिपुर और मेघालय का दौरा करते हैं। अगर आप यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश में नहीं जीते, तो वायनाड से जीतने का कोई फायदा नहीं है। किशोर ने राहुल का अपने पारिवारिक गढ़ अमेठी से चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाने पर कहा कि अकेले केरल जीतकर आप देश नहीं जीत सकते। अमेठी को छोड़ देने से गलत संदेश जाएगा। मोदी ने 2014 में अपने गृह राज्य गुजरात के साथ-साथ उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने का विकल्प चुना था। इसलिए, क्योंकि आप भारत को तब तक नहीं जीत सकते जब तक आप हिंदी पट्टी को नहीं जीतते या हिंदी पट्टी में मौजूदगी दर्ज नहीं कराते। किशोर ने कहा कि भाजपा का प्रभाव है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी को हराया नहीं जा सकता है। विपक्ष के पास भाजपा के रथ को रोकने की तीन संभावनाएं थीं, लेकिन उन्होंने आलस और गलत रणनीतियों के कारण तीनों मौके गवां दिए। प्रशांत किशोर ने बताया कि 2014 के बाद भाजपा बैकफुट पर थी।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**आधा दर्जन से ज्यादा घायल**



**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र की एकडला पुलिस चौकी के पास दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे सवारियो से भरी तीन पहिया वाहन में कार ने जोर दार टक्कर मार दी। टक्कर से आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां चार की हालत नाजुक थी। शाम को एक वृद्ध की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बारों थाना उतराव निवासी मजहर उम्र 50 वर्ष पुत्र कल्लू खान जो अपने परिवार के साथ तीन पहिया वाहन से अपने ससुराल कहली थाना बहारिया में दाह संस्कार में जा रहे थे। जैसे ही सुबह लगभग 6:00 बजे के करीब उतराव थाना क्षेत्र के एकडला पुलिस चौकी के पास पहुंचा ही था कि हंडिया की तरफ से तेज रफ्तार आ रही आर्टिका कार ने तीन पहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। वही तीन पहिया वाहन पर में बैठे मजहर उम्र 50 वर्ष,समां बानो उम्र 40 वर्ष, साबीरा 51 वर्ष, इशहाक 55 वर्ष,राजिया45, मोमिना 47, रूबी 40,शहनाज 45,चालक प्रमोद 35 वर्ष दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भिजवाया। जहां गंभीर रूप से घायल मजहर मोमिना रजिया शहनाज की हालत गंभीर बताई जा रही थी। जिनका जिला अस्पताल मे ईलाज चल रहा था। दुर्घटना में तीन पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं शाम को मजहर उम्र 50 वर्ष पुत्र कल्लू खान की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से घर में कोहराम मच गया। मृतक मजहर अंदावा के एक दो पहिया वाहन एजेंसी में वॉचमैन का काम करता था। उनके तीन बेटे थे वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। वही वृद्ध मजहर की मौत से पत्नी मोमिना समेत परिजनों का रो रो कर बुराहाल है।

## फांसी के फंदे पर लटक कर युवती ने गले लगाई मौत

**सहसों।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत कसेरुआ कला गांव में एक युवती की फांसी के फंदे से लटक कर मौत हो गई। थरवई थाना क्षेत्र के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ के माजरा गांव ललचहां निवासी वीरेंद्र सिंह कसेरूआ कला गांव स्थित लाला बाजार के पास मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बेटी रिया सिंह (24) अंदावा स्थित एक बाइक एजेंसी में नौकरी करती थी। शनिवार को दोपहर में वह कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटकी मिली। घर वालों की नजर पड़ी तो हंगामा मच गया। पुलिस को जानकारी दिया गया। जानकारी मिलते ही सहसों पुलिस चौकी इंचार्ज शिव प्रताप सिंह मौके पर पहुंचकर लिखा पढ़ी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। फिलहाल घटना का कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## इलाहाबाद लोकसभा 52 की संगठनात्मक बैठक का नेतृत्व करेंगे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर

**मेजा।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी लोकसभा 52 इलाहाबाद की संघटनात्मक बैठक टीजीएस गेस्ट हाउस मेजा रोड में आयोजित की गई है जिसके मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर होंगे। उक्त आशय की जानकारी लोकसभा मीडिया प्रभारी मेजा नीरज कुमार द्विवेदी ने देते हुए बताया कि बैठक में लोकसभा संयोजक सुविधा पटेल जिला प्रभारी यमुना पार एवं क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी मनोज जाय सवाल जिला अध्यक्ष भाजपा यमुनापार विनोद प्रजापति विधान सभा संयोजक एवं जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य, विधानसभा प्रभारी मेजा रायचंद दुबे आदिभी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष 3 टर्म के पूर्व जिला पदाधिकारी, विधानसभा कोर कमेटी के सदस्य गण 3 टर्म के पूर्व मंडल पदाधिकारी गण ,वर्तमान मंडल पदाधिकारी गण वर्तमान शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारीगण मंडलवार बूथ आवंटित पदाधिकारी गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति हैं : अनिल राजभर

**सहसों।** भाजपा गंगापार द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में रविवार को फूलपुर विधानसभा की चुनाव प्रबन्धन कोर कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश अनिल राजभर ने पार्टी कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति पार्टी के एक एक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा समय बहुत कम है आज कार्यकर्ता व पदाधिकारी सहित सभी लोग मिलकर तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें। बैठक में सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल व विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने भी अपने विचार रखे। लोकसभा फूलपुर प्रभारी बालेन्दु मणि त्रिपाठी, लोकसभा फूलपुर संयोजक विधायक गुरू प्रसाद मौर्य और जिला प्रभारी




उत्तर मौर्य ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से निष्ठा एवं जिम्मेदारी पूर्वक संगठन द्वारा दिए गए कार्य को करने का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल ने किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि को छत्रपति शिवाजी महाराज की स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से हौसला प्रसाद पाठक, गिरिजा शंकर पाण्डेय, टी एन सिंह, राजधर द्विवेदी, अनिल सरोज, पवन कुमार शुक्ला, पुष्कर सिंह सहित चुनाव प्रबंधन कोर कमेटी के पदाधिकारी, सभी ब्लॉक प्रमुख, सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हंडिया ग्राम पंचायत में बिजली विभाग के नाम पर वसूली, ठीकेदार ने तहरीर देकर जांच की मांग

**ठीकेदार को मजदूर बताकर अवैध वसूली पर नाराजगी जताया**

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत हंडिया ग्राम पंचायत में शनिवार को जर्जर हो चुके विद्युत तार को बदलने का कार्य अधिकृत ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। इसी दौरान उपभोक्ताओं का कनेक्शन निकाल दिया गया। वही विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन दोबारा जोड़ने के नाम पर ठेकेदार का मजदूर बताकर धनउगाही करने की जानकारी होने पर रविवार को थाने में तहरीर देकर अवैध वसूली करने व बदनाम वाले के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की मांग की। गौरतलब हो कि रविवार को ठीकेदार के पेटी कांटेक्टर शिवा कान्त सोनकर निवासी ग्राम कांटी जसरा प्रयागराज ने अवैध धनउगाही करने की सूचना पर हंडिया ग्राम पंचायत में पहुंचकर अपने मजदूरों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त किया और अपने मजदूरों व वायरल फोटो से मिलान किया। ठीकेदार को बदनाम करने वाले व्यक्ति पर नाराजगी जताते हुए मांडा इंस्पेक्टर को तहरीर देकर निष्पक्ष जांच करने की मांग की हैं। और बताया कि विद्युति करण से सम्वन्धित पेटी कांटेक्तर वाले टेन्डर में किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लगता। उक्त मामले में ठीकेदार के पेटी कांटेक्टर के तहरीर पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इसकी जांच पड़ताल कराई जाएगी। आप अपना काम कराए यह जरूरी नहीं है कि ठीकेदार का मजदूर की वसूली करता हो अन्य कोई भी कर सकता है। मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह बिजली विभाग जेई मांडा ने बताया कि हंडिया ग्राम पंचायत में चल रहा विद्युत तार बदलने के कार्य जहां कि ठीकेदार के मजदूरों पर अवैध वसूली का आरोप को निराधार बताया और ऐसा कोई प्रकरण नहीं है।

## नवरात्रि से पहले दर्शन पूजन के लिए मंदिरें हो रही साफ सफाई के साथ हो रही तैयारी

**सहसों।** हिंदू पंचांग के अनुसार नव संवत्सर 2081 के वासंतिक नवरात्रि से पहले भक्तों के लिए पूजन, पाठ, धूप दीप, आराधना एवं दर्शनार्थ के लिए देवी मंदिरों में जोरों पर साफ सफाई एवं तैयारी चल रही है। सहसों स्थित राम जानकी मंदिर, प्राचीन दुर्गा मंदिर, माता चौरा सहित प्राचीन दुर्गा मंदिर ललचहां, मसुरियन माता मंदिर चकिया घरहरा, माता चौरा मंदिर नीवी गारापुर एवं क्षेत्र के तमाम देवी मंदिरों में साफ सफाई इत्यादि करके फूल मालाओं एवं आधुनिक विद्युत झालरों के सजावट आदि से तैयारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर माता के श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपने-अपने घरों में पूजन पाठ, कलश स्थापना आदि के लिए घरों की विधिवत साफ सफाई करके सजावट के साथ तैयारी की जा रही है। नवरात्रि को देखते हुए सहसों बाजार सहित आदि बाजारों में प्रसादी एवं अन्य सजावट के सामग्रियों की बिक्री के लिए दुकानदार भी मुस्तैदी के साथ तैयारी में लगे हैं। तो वहीं माता के भक्तों द्वारा प्रसादी एवं आदि सामग्री की खरीददारी के लिए बाजारों में चहल पहल शुरू हो गई है।

## शार्ट सर्किट से दोना पत्तल फैक्ट्री में आग लगाने से लाखों की मशीन क्षतिग्रस्त

**देर रात ग्रामीणों और दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया**



**मऊआइमा।** बीती रात दोना पत्तल फैक्ट्री में लगी आग से घंटों बाद बडी मुश्किल से ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने काबू पाया। जिससे लाखों की मशीन जलकर राख हो गई। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासनीय वंदना मौर्या पत्नी राकेश कुमार मौर्या घर के बगल दोना, पत्तल, लैमिनेशन आदि की फैक्ट्री डाले हुए है। बताया गया है कि देर रात में कारखाने में शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से पूरे कारखाने में आग की लपटें उठने लगी।किसी तरह ग्रामीणों और दमकल विभाग की आयी टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाए। बताया गया है कि फैक्ट्री की मशीनें तैयार अर्ध तैयार दोना पत्तल,नौ कुंटल सिल्वर पन्नी तीन कुंटल रंगीन पन्नी,बीस प्रकार का डाई मशीन माल मीटेरियल जल कर राख हो गया है। वन्दना मौर्या ने बताया कि लगभग चौदह से पंद्रह लाख की मशीनें अन्य सामानें जली है। फिलहाल इसकी सूचना पुलिस को लिखित रूप से दर्ज करा दिया है।

# न्यूज झरोखा

## नीतियों का बखान कर मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं द्वारा मण्डल सहसों के पार्टी कार्यालय सहसों पर मण्डल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यछता में भाजपा का अस्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वीरेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक शाखा फूलपुर ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की 6 अप्रैल 1980 को स्थापना तक एवं पार्टी द्वारा निरंतर एक कदम आगे बढ़ते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित आदि महापुरुषों के बलिदान का इतिहास विस्तार पूर्वक चर्चा करते उपस्थित लोगो को बताया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए पार्टी की आदि सुशासन की नीति कि आज तक के सफर के बारे में भी चर्चा किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, पूर्व मण्डल,चंद्रेश कुमार केसरवानी, संजय सिंह, राजेश सरोज, रंजन तिवार, वीरेंद्र शुक्ला, लवकुश बिन्द, अलोक सरोज, महेश सिंह, उमाशंकर तिवारी, अशोक मिश्रा, मनीष तिवारी, फूलचंद गुप्ता, अमन सिंह राजपूत, गगन शुक्ला, फूलचंद्र साहू सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्य वन संरक्षक शेष नारायण ने किया मेजा रेंज का भ्रमण



**मेजा।** मुख्य वन संरक्षक दक्षिणी क्षेत्र प्रयागराज शेष नारायण मिश्रा प्रभागीय निदेशक अरविंद कुमार यादव तथा उपप्रभागीय वनाधिकारी श्रीमती संगीता ने रविवार को मेजा रेंज के खरका डाबर स्थित पौधशाला, सिंहपुर वन ब्लॉक, गुलरिया एवं एनटीपीसी क्षेत्र के पौधारोपण क्षेत्र का निरीक्षण किया इस दौरान उनके साथ वन क्षेत्राधिकारी अजय सिंह एवं अन्य स्टाफ कर्मी प्रमुख रूप से मौजूद उपस्थित रहे।

## युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**मांडा।** दिघिया गांव निवासी व्यक्ति ने मांडा थाने में तहरीर देखकर आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी मंगलवार सुबह 5 बजे बाहर शौच के लिए गई थी इसी बीच गांव के ही कुलदीप पुत्र व्यापारी यादव व मनदीप सिंह निवासी दीघिया बेटी का मुंह दबाकर अरहर के खेत में ले जाकर छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बेटी के विरोध करने पर आरोपितों ने पीड़िता को अपने घर के शौचालय में बंद कर फरार हो गए किशोरी के स्वजनों ने मंगलवार को काफी खोजबीन की किंतु उसका पता नहीं चला बुधवार को कुलदीप यादव के शौचालय में बेटी बंद मिली पीड़िता का आरोप है कि एक माह पूर्व भी कुलदीप यादव और मनदीप सिंह जबरजस्ती अवैध संबंध बना चुके हैं बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया दहशत में पीड़ित ने घर वालों को कुछ नहीं बताया था थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया गया था। वहीं मुखबिर की सूचना पर आरोपी को मांडा पुलिस ने रविवार को बराही माता मंदिर से सौ मीटर पहले ही सुबह साढ़े छह बजे मल्हाने टोला निवासी कुलदीप यादव उर्फ ननकऊ पुत्र स्व रमा कांत यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

## वांछित आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद भेजा जेल




**मऊआइमा।** प्रतापगढ़ के कोतवाली पटटी के ग्राम रायगढ़ निवासी दिलदार अली पुत्र मोहर्रम अली को मऊआइमा थाने के सब इंस्पेक्टर लाखन सिंह, हेड कांस्टेबिल सरफराज खान,शिवम ने गदाईपुर मऊ दोस्तपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। जामातलाशी लेने पर उसके पास से एक 312 बोर का तमंचा एक जीवित कारतूस एक मिस कारतूस बरामद हुआ। बताया गया है कि दिलदार अली के उपर पट्टी थाने गोवध अधिनियम का मुकदमा दर्ज है।तब से वह फरार चल रहा था।जिसे मऊआइमा पुलिस ने रविवार को दबोचकर कर जेल भेज दिया।

## लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर पैरा मिलिट्री फोर्स पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**मऊआइमा।** लोकसभा चुनाव और आगामी त्योहारों के मद्देनजर मऊआइमा थाना क्षेत्र की पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स मऊआइमा के तिली बाजार, घीनपुर,मोहन का पूरा,धरौता, कटभरपरमेजपुर आदि दर्जनों गांवों में फ्लैग मार्च किया।

## जसरा में रेलवे के जमीन पर व्यापार कर रहे अवैध कब्जेदारों को हटाने के लिए चिपकाया नोटिस, सामान न हटाने पर जब्त करने की दी चेतावनी



**जसरा।** रेलवे फाटक के दोनों ओर रेल विभाग की खाली जमीन पर लगभग आधा दर्जन से अधिक दुकान खुल जाने को लेकर रेल प्रशासन शख्त हो गया है तथा सभी दुकानदारों के दुकान के बाहर नोटिस चिपका दी गई है। जसरा में रेल विभाग की खाली जमीन पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने अवैध कब्जाकर दुकान सजा लिया है। कई बार रेल विभाग की ओर से दुकानदारों को नोटिस दी गई है। लेकिन दुकानदारों ने अपनी दुकान वहां से नहीं हटाया। इसको लेकर रेल प्रशासन शक्त हो गया है। रेल प्रशासन की टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां हड़कंप मच गया। दुकानदार अपनी दुकान छोड़कर वहां से हट गए। रेल प्रशासन के लोगों ने सभी दुकान के बाहर चेतावनी वाली नोटिस चिपका दिया है। जिसमें अवैध कब्जेदारों को 24 घंटे में अपना सभी सामान हटाने का निर्देश दिया गया है। सामान नहीं हटाने पर रेल प्रशासन द्वारा सामान जप्त करने की चेतावनी भी दी गई है। जिससे अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

## भाजपा प्रतापपुर मंडल द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीयों ने हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया पदाधिकारियों ने अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर लोगों को भाजपा की उपलब्धियों की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय ने स्थापना दिवस कार्यक्रम उग्रसेनपुर में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई बने। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी नेताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर भी प्रकाश डाला और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व पूर्व मंडल अध्यक्ष पंडित आशाराम तिवारी, रामचंद्र मिश्रा, शिवेश तिवारी, उपेंद्रनाथ तिवारी, मंडल प्रभारी मनोज पाठक, जंघई मंडल मंडल प्रभारी पूनम पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उदयवीर प्रजापति, मंडल मंत्री जयप्रकाश द्विवेदी, ज्ञानेंद्र पांडेय, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अक्षय लाल पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# वैदिक परंपराओं को नहीं जानती युवा पीढ़ी : संजय महाराज






**शंकरगढ़ में आयोजित लालापुर महोत्सव का हवन पूजन के साथ हुआ भव्य समापन**

**शंकरगढ़।** भगवान रामेश्वरम वाटिका पत्ती देवी चौराहा शंकरगढ़ में चल रही श्रीराम कथा का रविवार को समापन हो गया। मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव में एक अप्रैल से चल रही कथा के अंतिम दिन हवन-पूजन का भी आयोजन किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन कथा वाचक विश्व विख्यात बाल योगी पूज्य संजय जी महाराज ने कहा, सत्संग, कथा श्रवण और प्रभु के सानिध्य में जाने की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने कहा, भजन-कीर्तन करने का सही समय बुढ़ापा नहीं जवानी है। युवावस्था में शरीर विकारमुक्त रहता है। कहा कि अभी कलयुग का प्रथम चरण चल रहा है। इस काल में किसी के भी द्वारा कही गई सत्य बातें चुभती हैं, जिस दिन प्रथम चरण समाप्त हो जाएगा, आसुरी प्रवृत्ति हावी हो जाएगी। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति अपनी संस्कृति को भूल गया, समझो उसके कदम पतन की तरफ बढ़ गए। इसलिए आप सभी लोग अपनी मानसिक स्थिति मजबूत करें। ऐसा करने से बौद्धिक विकास होगा और आप सभी अच्छे-बुरे कर्मों के बीच भेद कर पाएंगे और अपने अनुकूल कर्म करने में सक्षम होंगे। दिनचर्या में पूजा को शामिल करें। गायत्री या फिर किसी अन्य मंत्र का नियमित जप करें और यही सीख आने वाली पीढ़ी को भी दें। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में घरों से हवन-पूजन गायब होते जा रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी वेद के बारे में नही जानती। वैदिक परंपराओं को नहीं जानती। यदि कोई वैदिक और सनातन धर्म, नैतिक प्रवृत्ति स्वीकार कर ले तो वह राम बन जाएगा। इसलिए खुद की आत्मा के लिए सत्कर्म करिए। संसार में सबकुछ मिल जाएगा, लेकिन मानव शरीर नहीं मिलेगा। आपका चिंतन सकारात्मक होना चाहिए। इस स्थूल शरीर के लिए भोजन के साथ-साथ भजन की भी आवश्यकता होती है। भोजन शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, जबकि भजन शरीर का आचरण दुरुस्त रखता है। अंतिम दिन कथा की समाप्ति पर आयोजक सूर्यनिधान पांडेय ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर पूर्व मंत्री उज्ज्वल रमण सिंह,खंड विकास अधिकारी राम विलास रॉय,डॉ भगवत पांडेय, चेयरमैन पार्वती कोटार्य, करुणा निधान पांडेय, मनोज पांडेय, अभिषेक त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, मूलचंद्र गुप्ता, मूलचंद्र केसरवानी, सुधा गुप्ता, सरस्वती पांडेय, अनुपमा वैश्य, रीता केसरवानी, उमा वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, सुरेश केसरवानी, दिलीप सिंह समेत तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## समाजसेवी अवध नारायण यादव के निधन पर समाजवादियों ने जताया शोक



**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक वित्तविहीन गुट एवं समाजवादी पार्टी विधानसभा इकाई करछना ने समाजसेवी अवध नारायण यादव निवासी करछना के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। स्थानीय राम नारायण लाल इंटर कॉलेज करछना में एक शोक सभा का आयोजन संघ के जिलाध्यक्ष एवं सपा विधानसभा अध्यक्ष ननकेस बाबू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमे मधुरभाषी सुशील एवं समाजसेवी अवध नारायण यादव के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया तथा ईश्वर से शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। सभा में प्रमुख रूप से अवधेश श्रीवास्तव, शिवमोहन पटेल, सतीश यादव, अमरचंद्र गुप्ता, तारा सिंह पटेल, सर्वेश यादव, मोहम्मद सुल्तान, घनश्याम यादव, केशव विश्वकर्मा, अलोक यादव, मंजीत आदि उपस्थित रहे।

# कोरांव में पूर्व मंत्री उज्जवल रमण ने किया जनसंपर्क कर बोले 24 में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार



**कोरांव।** कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी गठबंधन के संभावित प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने कोराव विधानसभा के कुर्की हाटा दोहथा कूदर एवम कोरांव समेत विभिन्न ग्राम सभाओं में व्यापक रूप से जनसंपर्क किया और वर्तमान सरकार की जन विरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए आगामी होने वाले 2024 लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने की अपील किया इस मौके पर गठबंधन के नेता उज्जवल रमण सिंह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि मौजूदा सरकार पूरी तरह से तानाशाही रवैया पर आमदा है किसान बेरोजगार नौजवान छात्र अल्पसंख्यक त्राहि त्राहि कर रहा है लेकिन सूबे की गूंगी बहरी सरकार उनके और कोई ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण आमजन में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है और वह दिन दूर नहीं जब देश और प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से लल्लन सिंह राजेश पांडे प्रमोद मिश्रा पयासी ललन सिंह पटेल सोमदत्त सिंह पटेल महताब खान मुनव्वर अंसारी उमाकांत सिंह पटेल रविंद्र जैसल प्रधान अब्दुल समद दिलावर सिंह हरिप्रसाद पाल पवन सोनकर दिनेश चौधरी बबलू शुक्ला दिनेश पटेल अश्वनी पटेल दीपक पटेल केशरी कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग की हत्या के दो आरोपी हुए गिरफ्तार

## अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी, भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव को कब्रिस्तान में दफनाया गया

**अखंड भारत संदेश**





**झूंसी।** थाना क्षेत्र के हवेलिया इलाके में शनिवार की दोपहर जमीन को लेकर हुए विवाद में मारे गए बुजुर्ग मामले में पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है। शनिवार को मारपीट के दौरान पत्थर लगने से बुजुर्ग अहमद अली उर्फ छोटे मुल्ला की मौत हुई थी। मारपीट में उसका भतीजा आजाद भी जख्मी हुआ था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद बुजुर्ग का शव तकरीबन चार बजे गांव पहुंचा तो परिजनों में एक बार फिर कोहराम मच गया। परिजन दहाड़ मारकर रोने-बिलखने लगे। शाम को भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में घर के पास स्थित कब्रिस्तान में बुजुर्ग के शव को दफनाया गया।

थाना क्षेत्र के हवेलिया निवासी हिकमत अली और झूंसी कोहना के अफजाल के बीच जमीन के एक टुकड़े को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। लाखों की जमीन को हिकमत अली पक्ष अपना पैतृक कब्रिस्तान बताता रहा है। शनिवार को इसी विवादित जमीन पर अफजाल, कयूम, अशरफ और 10-15 अज्ञात लोग बाउंड्री करा रहे थे। इस बात की जानकारी हिकमत को हुई तो वह भी अपने भाई अहमद अली, भतीजे आजाद के साथ मौके पर पहुंच गया। तभी दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। इसी बीच मारपीट, लाठी-डंडा चलने के साथ ही पथराव होने लगा। एक ईंट 60 वर्षीय अहमद अली को लग गया जिससे उसका सिर फट गया। वह मौके पर ही खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। इस पर मौके पर भगदड़ मच गई। सभी वहां से फरार हो गए। परिजन अहमद अली को लेकर पहले हनुमानगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में एसआरनएन अस्पताल पहुंचे। शाम को तकरीबन छह बजे उपचार के दौरान अहमद अली उर्फ छोटे मुल्ला की मौत हो गई। उसके मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने सैकड़ों की संख्या में आरोपियों के घर पर धावा बोल दिया और जमकर पथराव किया। किसी तरह पुलिस ने हालात को काबू में किया। हिकमत अली की तहरीर पर अफजाल, कयूम और अशरफ को नामजद करते हुए 10-15 अज्ञात के खिलाफ कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने हत्यारोपी कयूम और मोहम्मद गनी को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की पांच टीमें उनके विभिन्न ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

# न्यायिक अभिरक्षा से आठ वर्षों से फरार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने न्यायिक अभिरक्षा से आठ वर्षों से फरार 50 हजार के इनामी संतोष कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे मऊआइमा से शनिवार शाम पकड़ा गया। उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। वह 2016 में नैनी जेल से पेशी पर लाते समय फरार हुए 12 बंदियों में से एक था।जनवरी 2016 में नैनी जेल में निरुद्ध बंदी न्यायालय में पेशी के लिए ले जाए जा रहे थे। रास्ते में बालसन चौराहे के पास प्रिजन वैन का गेट खोलकर 12 बंदी फरार हो गए थे। दरअसल, रास्ते में काफी जाम लगा था। सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी जाम छुड़ाने में लग गए। इसी दौरान मौका देखकर पुलिस वैन का गेट खोलकर 12 बंदी फरार हो गए थे। इस संबंध में कर्नलगंज में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। फरार हुए बंदियों में संतोष कुमार सिंह निवासी दामोदर का पूरा मऊआइमा भी शामिल था। बहुत तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया। एसटीएफ के मुताबिक, शनिवार की शाम उसके मऊआइमा स्थित रेल पुल के नीचे आने की सूचना मिली थी। वहीं से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।एसटीएफ के मुताबिक, उसने पूछताछ में बताया कि वह वर्ष-2014 में चोरी की घटना में शामिल था। उसी मामले में उसे गिरफ्तार कर नैनी जेल भेजा गया था। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस व मोबाइल भी बरामद हुआ है। इसके संबंध में उसके खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया है। मऊआइमा पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिला अपराध निरोधक समिति की आवश्यक बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** रविवार को जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज की एक आवश्यक बैठक आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त मानवाधिकार आयोग सदस्य न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा का सम्मान एवं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में मतदाता जागरूकता अभियान रहा। बैठक में आर्य कन्या शिक्षण संस्थान के प्रमुख पंकज जायसवाल एवं पूर्व कमिश्नर आर एस वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के द्वारा प्रतिनियुक्ति प्रभाकर त्रिपाठी जी के द्वारा उपस्थित समुदाय को मतदान करने हेतु एवं सभी 18 वर्ष के ऊपर के लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के प्रति संबोधित किया गया। अंत में त्रिपाठी द्वारा सभी उपस्थित जन समुदाय को मतदाता जागरूकता हेतु एक संकल्प भी दिलाया गया। बैठक में अन्य सभी वक्ताओं ने सभी से मतदान में भाग लेने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव संतोष श्रीवास्तव ने भविष्य में भी समिति द्वारा इसी प्रकार के कई कार्यक्रमों के आयोजन करने की जानकारी भी सभी को दी। बैठक का संचालन समिति के संगठन सचिव सतीश चंद्र मिश्र द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। बैठक में समिति के प्रदेश के अन्य जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने नगर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने का आश्वासन दिया। बैठक को सफल बनाने में लक्ष्मीकांत मिश्रा, शोएब आलम, कुलदीप धार .विशाल श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, सम सिंह चमन. संदीप सोनी .रोहित सिंह, दिग्विजयसिंह, सुभाष चंद्र जायसवाल, प्रियंका पाराशर, प्रिया मिश्रा, कंचन चंद्रा ,आयुष जायसवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

# साथियों के बीच बात करते वक्त तमंचे से चली गोली, हिस्ट्रीशीटर की मौत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के कौड़िहार गांव की बाग में शातिर अपराधियों की गुफ्तगू के बीच अचानक एक अपराधी के कमर में तमंचा दगने अफरा तफरी मच गई। गोली लगने से अपराधी घायल हो गया।जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़िहार ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।ऋतुराज उर्फ ऋतिक पुत्र मलखान सिंह निवासी रामपुर थाना नवाबगंज शातिर अपराधी है। वह रविवार शाम करीब 5.30 बजे साथियों के साथ प्रयागराज-रायबरेली हाईवे के पास कौड़िहार बाग में अपराधियों के साथ गुफ्तगू कर रहा था। इसी बीच अचानक ऋतिक के कमर में लगा तमंचा दब गया और गोली उसके जांघ में लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अत्यधिक खून बहने से वह जमीन पर गिर पड़ा तो उसके साथी उसे छोड़कर वहां से भाग निकले। बताते हैं कि अन्य साथी भी रामपुर व उसके समीप वर्ती गांव के हैं। जिनका थाना नवाबगंज के अलावा कई जनपद में अपराधिक इतिहास है। जिसे ऋतिक आरोपी बता रहा है कि उन्होंने गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया। हालांकि पुलिस की जांच में पता चला कि वह अपने ही तमंचे से घायल हो गया। पुलिस घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। थोड़ी देर बाद गोली की आवाज होते ही पल्सर बाइक छोड़कर अन्य दूसरी मोटरसाइकिल से अन्य तीन लोग भाग निकले। पुलिस ने बताया कि पिछले दो दिन पूर्व हाईवे पर बृजेश कुमार निवासी नगला तुला थाना नगला खंगार जिला फिरोजाबाद की बाइक बदमाश उठा ले गए थे। जिसे पुलिस ने घटनास्थल से बरामद कर लिया। रितिक उर्फ ऋतुराज अपराधिक किस्म का व्यक्ति है। जिसके ऊपर थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज के अलावा अन्य कई जिले में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। 17 मार्च को एक घटना में जेल से छूट कर आया था। घटना के वक्त उसके अन्य साथी अपराधी साथ में थे। कमर में वह कट्टा लगाए हुए था। फिंगर दबाने से वह जख्मी हो गया। हालांकि घटना की जांच की जा रही है। सच आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


**- जंग बहादुर यादव एसीपी सोरांव**

# चन्दन कुमार चाचा मण्डल मंत्री एवं आफताब कार्यकारी मण्डल अध्यक्ष चुने गए

**वर्कर्स यूनियन के प्रयागराज मण्डल का चुनाव सम्पन्न**

**कोराव।** इतवार सात अप्रैल को नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के प्रयागराज मंडल का चुनाव प्रवेक्षक केंद्रीय कोषाध्यक्ष का. संजय तिवारी एवं सहायक महामंत्री का. सैय्यद इरफात अली की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। प्रवेक्षक द्वय की देख-रेख में संपन्न हुए चुनाव में नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने प्रयागराज मंडल के लिए सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों को चुनाकार्यकारी मण्डल अध्यक्ष - सैय्यद आफताब अहमद, मण्डल उपाध्यक्ष- अखिलेश कुमार, धनन्जय सिंह, ओम पाल यादव मण्डलमंत्री चन्दन कुमार चाचा सहायक मंडलमंत्री-सर्वेश तिवारी, पंकज कनौजिया, श्री कांत पटेल, महिपाल यादव मण्डल संगठनमंत्री- अफरोज आलम मण्डल मीडिया प्रभारी- राकेश शर्मा प्रयागराज मण्डल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए वर्कर्स यूनियन के महामंत्री ० इंडियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड मनोज पाण्डेय ने कहा कि वर्कर्स यूनियन सदैव कर्मचारियों के हित की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ाई जारी रहेगी '





कामरेड मनोज ने कहा कि पेन्शन आंदोलन में हड़ताल का दिखावा करनेवालों की पोल खुल गयी है ' रेलवे में पेन्शन आंदोलन की लड़ाई केवल इंडियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन और उससे जुडी जोनल यूनियन ही नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के साथ मिलकर लड़ रही है।

## स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल

**सहसों।** भागमभाग जिंदगी में स्वस्थ जीवन जीने के लिए दैनिक दिनचर्या का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। मानसिक शारीरिक एवं सामाजिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए स्वस्थ मन एवं विवेक की भी जरूरत होती है। उक्त बातें सहसों बाईपास स्थित हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट में रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित एक जागरूकता गोष्ठी में डॉक्टर अमित यादव ने कही। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि इस वर्तमान जीवन शैली में लोगों को कम उम्र में ही नई-नई बीमारियां होने लगी है तथा कम उम्र के बच्चों में हृदय रोग, शुगर, रक्तचाप, मोटापा जैसी तमाम समस्याएं पैदा हो रही हैं। गोष्ठी में मौजूद डॉक्टर ए के मिश्रा ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि इस बढ़ती भाग दौड़ की जिंदगी में लोगों को असंतुलित तरीके से फास्ट फूड आदि का खान-पान से गंभीर रोगों की बीमारियां ज्यादा फैल रही है। जिससे आज की नई पीढ़ी इसके चपेट में ज्यादा आ रही है। उन्होंने इन लोगों से बचाव के लिए सुझाव बताते हुए कहा कि संतुलित एवं ताज भोजन लें, कम मसालेदार सब्जी को भोजन में शामिल करें, चर्बी युक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें, बाजारों में बिकने वाले फास्ट फूड का प्रयोग कम से कम करें, मौसमी ताजा फल खाएं प्रतिदिन 10 मिनट का व्यायाम करें और हो सके चार से छह किलोमीटर रोज सुबह पैदल टहलने की आदत प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करें। गोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉक्टर दिलीप, राजेश, नीरज पांडे, जय सिंह, राकेश कुमार, जय प्रकाश पांडेय सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# किताब के नाम पर लूट रहे स्कूल संचालक, बच्चों के साथ अभिभावक भी परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**टाई, ड्रेस, डायरी, कापी और किताब के नाम थमाया जा रहा बिल**

**नये सत्र में प्रवेश के लिए प्रत्येक वर्ष लिया जाता है प्रवेश शुल्क**

**बारा।** अप्रैल माह से नये शैत्रिक सत्र का आगाज हो गया है। खुद को तेज-तर्रार और सबसे आगे साबित करने की होड़ में ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों ने वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए अंकपत्र वितरित कर दिया है, इसी के साथ ही नये सत्र में प्रवेश भी होने लगा है। बारा तहसील क्षेत्र के जसरा,बारा,लोहगरा, शंकरगढ़, नारीबारी समेत समस्त विद्यालयों में पुरानी कक्षा से नई कक्षाओं में जाने वाले बच्चों के अभिभावकों को इन स्कूलों से एक लिस्ट थमाई जा रही है, जो दो हजार रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की है। हालांकि कुछ स्कूलों में यह दस हजार के पार भी है। इस लिस्ट में नई कक्षा में जाने वाले बच्चों के लिए टाई, बेल्ट, आईडी कार्ड, डायरी, कापी-किताब समेत कुछ अन्य शुल्क शामिल हैं। यदि किसी किताब का मूल्य 740 रुपये प्रिंट है तो अभिभावकों से वही कीमत वसूली जा रही है, जबकि कक्षा दो, तीन या फिर चार में पढ़ाई जाने वाली यह किताब बमुश्किल 50-60 पेज की है, लेकिन प्राइवेट प्रकाशकों की मिलीभगत से स्कूल संचालकों द्वारा जमकर लूट मचाई जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि यह सिस्टम प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा आठ तक की कक्षाओं के लिए है। जबकि कक्षा नौ के बाद वही पुस्तकें पढ़ाई जाती हैं, जिनका संचालन संबंधित बोर्ड द्वारा किया जाता है। नगर पंचायत शंकरगढ़ के एक स्कूल में कक्षा आठ के बच्चों को किताबें दी जा रही हैं, उसकी कीमत 4100 रुपये रखी गई है। जबकि एक अन्य स्कूल में यही कीमत 4505 रुपये है और तीसरे में 4551 रुपये है। अभिभावकों का कहना है कि इन स्कूलों से दी जाने वाली किताबें ऐसी हैं, जो आसपास की दुकानों पर नहीं मिलती हैं। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यालयों को प्राइवेट पुस्तकों के नाम पर लूटे जाने की शिकायत पर बेसिक शिक्षा महकमा भी हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है। अभिभावकों का कहना है कि कितानों पर चार गुना से भी ज्यादा दाम प्रिंट किया गया है और एक चवन्नी कम न करके स्कूल संचालकों द्वारा पूरा वसूला जा रहा है। इस मामले में बीईओ से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## न्यूज झरोखा

### बीजेपी चुनाव कोर कमेटी/ प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई



**प्रयागराज।** लोकसभा 52 इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के विधानसभा 263 इलाहाबाद दक्षिणी में विधानसभा कोर कमिटी/चुनाव प्रबंधन समिति कि महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा दक्षिणी लोकसभा चुनाव कार्यालय, भार्गव कोठी, कीडगंज में बैठक संपन्न हुई । भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया बैठक में मुख्य अतिथि क्लस्टर प्रभारी उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर जी ने और कमेटी के पदाधिकारीयों आगामी लोकसभा चुनाव में पदाधिकारीयों विस्तार पर चर्चा की और कार्यकताओं में जोश भरा विशिष्ट अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी जी ने कार्यकताओं से जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार में जो कार्य हुए हैं उसे अवगत कराने को कहा एवं पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष/प्रभारी प्रयागराज महानगर महेश चंद्र श्रीवास्तव जी पदाधिकारी चुनाव प्रबंधन के विषय में चर्चा की और संगठन पर जोर देने को बोला बैठक कि अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्री राजेंद्र मिश्र जी की अध्यक्षता में हुई । शहर दक्षिणी विधानसभा चुनाव प्रभारी सुरेश मौर्य जी 5 मार्च से अभी तक चुनाव से संबंधित कार्य हुए हैं उसे पर विस्तार से चर्चा की, विस्तारक प्रिंस गुप्ता।महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद मोदी (मोदी) वरिष्ठ भाजपा नेता पदुम जायसवाल , पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर (गिरी बाबा),बृजेश मिश्रा, गृजेश मिश्रा, विधानसभा प्रभारी शहर दक्षिणी दीप द्विवेदी, पार्षद किरण जयसवाल ,पार्षद सुनीता चोपड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मिश्रा,अशोक मालवीय,प्रवीण मालवीय, शिखा खन्ना, शशांक शेखर पांडे, छाया द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, आदि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

### महाशक्ति पीठ मां कल्याणी देवी मंदिर में 9 अप्रैल से प्रारंभ होगी भव्य श्री राम कथा : पंडित सुशील कुमार पाठक

प्रयागराज। मां कल्याणी देवी मंदिर अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा मंगलवार 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रतिदिन सांय 7:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक मां कल्याणी देवी के परिसर में प्रतिदिन संगीतमय भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया गया है प्रखर राष्ट्र चिंतक डॉक्टर अनिरुद्ध जी महाराजश्रीधाम वृंदावन उक्त राम कथा के व्यास होगें 'श्री नव संवत्सर मानस समिति कल्याणी देवी प्रयागराज के द्वारा आयोजित रामकथा में समिति के मुख्य संरक्षक अनंत विभूषित श्री मज्जज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ज्योर्तिमठ बदिरिका आश्रम हिमालय एवं श्री स्वामी हरि चैतन्य ब्रह्मचारी जी परमहंस आश्रम टीकर माफी अमेठी आश्रम सुल्तानपुर का भक्तों को विशेष आशीर्वाद मिलेगा मां कल्याणी देवी मंदिर में महामंत्री पंडित श्याम जी पाठक ने विस्तार से बताया कि 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से लेकर 11:00 बजे तक तथा शाम 4 बजे लेकर 7:30 बजे शत चंडी महायज्ञ एवं प्रातः 5:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 तक मां कल्याणी का पूजन नित्य नूतन श्रृंगार झांकी का दर्शन, एवं महाआरती मां कल्याणी जी के धाम में होगी

### प्रयाग उत्थान समिति का हुआ गठन

**प्रयागराज।** डॉक्टर ठाकुर उदय प्रताप सिंह प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष घोषित किए गए। ठाकुर हरनारायण सिंह डिग्री कॉलेज के प्रांगण में प्रयाग उत्थान समिति का गठन किया गया इस अवसर पर समिति के संरक्षक अधिवक्ता पंडित दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी ने ठाकुर डॉक्टर उदय प्रताप सिंह को समिति के अध्यक्ष के रूप में सभी समिति के सदस्यों की सहमति पर घोषित किया इस अवसर नव नियुक्त अध्यक्ष ठाकुर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रयाग उत्थान समिति समाज के कमजोर और निर्बल, निर्धन वर्ग के लोगों के लिए ताकत बनेगी और शिक्षा चिकित्सा और समाज की सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करेगी और चिकित्सा के क्षेत्र में ब्लड डोनेशन, मेडिकल कैंप, और गरीब परिवार के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा देने के लिए कार्य करेंगी।


# अखिल भारतीय मालवीय सभा प्रयाग का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** रविवार को अखिल भारतीय मालवीय सभा, प्रयाग का होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ श्री लोकनाथ व्यायामशाला,के प्रांगण में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय मालवीय सभा के मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर, गुलाल का तिलक लगा कर हुआ । चित्र पर माल्यार्पण विशिष्ट अतिथि रामजी केसरवानी मंत्री श्री लोकनाथ व्यायामशाला, निखिल पाण्डेय अध्यक्ष लोकनाथ मिलन संघ एवम श्रीमती सुनीता चोपड़ा क्षेत्रीय पार्षद जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय मालवीय सभा प्रयाग के अध्यक्ष अशोक मालवीय जी के द्वारा की गयी। अतिथियों का स्वागत विकास मालवीय मंत्री अखिल भारतीय मालवीय सभा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ ऋचा मालवीय के सरस्वती वंदना गायन एवम कु. श्रृष्टि मालवीय द्वारा गणेश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न बच्चों ने अपनी नृत्य एवम गायन की प्रस्तुति दी तथा कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती अन्नपूर्णा मालवीय, निखिलेश मालवीय, आदि कवियों ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से फाल्गुन की बयार छेड़ी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम मालवीय जी तथा श्री रोहित मालवीय जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मृदुल मालवीय, वीरेन्द्र मालवीय, ज्योति दुबे, प्रखर मालवीय, संजय मालवीय, आलोक मालवीय, डॉ. विभा मालवीय आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन दीपक दुबे जी के द्वारा किया गया।

# निःशुल्क ह्दय रोग जांच शिविर में लोगों ने दिखाई जागरूकता



**प्रयागराज।** प्रयागराज के अल्लापुर में चन्द्रा मेडिकल्स द्वारा आयोजित निःशुलक हृदय रोग जांच शिविर में सुबह के 9 बजे से ही लोग आना शुरू हो गये थे। बता दें कि उक्त शिविर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल, केमिस्ट एसोसिएशन प्रयागराज एवं चन्द्रा मेडिकल्स द्वारा आयोजित था। शिविर अपने निर्धारित समय सुबह के 10 बजे से 1 बजे निर्धारित था जो कि दोपहर तक चला। शिविर में जांच और परामर्श डा. संदीप मिश्रा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चन्द्रा मेडिकल्स के प्रवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि लगभग 40 लोगों की जांच इस दौरान की गयी साथ उन्होंने बताया कि शहर के प्रबुद्ध लोगों द्वारा सहयोग और टीमवर्क ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने में अपूर्ण सहयोग दिया दिनांक 7 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाया लोगों ने अपने ब्लड प्रेशर शुगर ई सी जी की जांच कराया तथा डॉक्टर से परामर्श लेने के पश्चात लोगों ने डाक्टरों की पूरी टीम व चन्द्रा मेडिकल्स को धन्यवाद भी देते रहे।

# जाति पर नही जानता मोदी की गारंटी पर करेगी वोटः बी एल वर्मा

## मीडिया लोकसभा वॉलंटियर्स सम्मेलन में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज वृंदावन रिजॉर्ट सिटी प्रतापगढ़ में सोशल मीडिया लोकसभा वॉलंटियर्स सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री बी एल वर्मा, जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, सांसद संगम लाल गुप्ता, लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय, क्षेत्र संयोजक सोशल मीडिया अरविंद पांडेय एवं जिला संयोजक सोशल मीडिया अंकित तिवारी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई।



डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्जन करते अतिथिगण।

जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है सोसल मीडिया परदे के पीछे रहने वाले ऐसे कार्यकर्ता हैं जो किसी को भी नेता बन सकते हैं। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा ने सोशल मीडिया के कार्यकर्ता की बदौलत ही आज भारतीय जनता पार्टी का फैलाव इतने बड़े स्तर पर हो चुका है। सोशल मीडिया के माध्यम से ही हर घर में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जो भी कल्याणकारी योजनाएं हैं वह जन जन तक पहुंच चुकी हैं और लोग उससे लाभान्वित हो रहे हैं, फिर चाहे वह मुफ्त राशन, उज्जवला गैस कनेक्शन, शौचालय हो। पिछले 70 सालों में जितने हाईवे नहीं बने थे उतने मोदी जी के 10 वर्ष में बन गए हैं। भारतीय जनता पार्टी अपने की गए वादों को लेकर भी संकल्पित है लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने आए हुए सभी सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक सोशल मीडिया अंकित तिवारी ने की। कार्यक्रम के संयोजक जिला मंत्री रामजी मिश्र एवं संचालन सोशल मीडिया जिला सह संयोजक देवराज नंदन ओझा ने किया। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने दी। प्रमुख लोगों में क्षेत्र सहसंयोजक सोशल मीडिया अतुल पांडे, लोकसभा संयोजक मनजीत सरोज, जिला सहसंयोजक शिवम द्विवेदी, कुलवंत सिंह सहित सभी विधानसभा संयोजक, मंडल संयोजक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक को व्यापार मण्डल ने किया सम्मानित

## सर्राफा व्यापारी से फिरौती मांगने का खुलासा करने पर व्यापारी खुश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आवास पर मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया जो कि रानीगंज के सर्राफा व्यापारी गोविंद सोनी की हत्या की धमकी देकर फिरौती मांगने के मामले में थी। बता दें कि पुलिस विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

इस दौरान उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रहरि से बात करने पर सुभाष चंद्र अग्रहरि तुरंत सहमति देते हुए प्रतापगढ़ आकर एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जिसमें प्रदेश कार्यकारी उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोविंद, जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत, नगर अध्यक्ष अंकुर केसरवानी, नगर महामंत्री जगमीत सिंह सलूजा के साथ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से मुलाकात की और उनसे मिलकर पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट की तथा अंगवस्त्रम प्रदान करते हुए अपनी टीम की तरफ से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह द्वारा अतिक्रमण को लेकर हो रही परेशानी से पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षण करते हुए इस पर सहारियों तथा एंबुलेंस को आने जाने में हो रही परेशानी से निजात दिलाने का आग्रह किया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस विषय में सभी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोविंद, जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत, नगर अध्यक्ष अंकुर केसरवानी, नगर महामंत्री जगदीश सिंह सलूजा उपस्थित रहे।



एसपी को सम्मानित करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

# राहुल गांधी ने पत्र जारी कर इमरान प्रतापगढ़ी को किया धन्यवाद

## बूथ-बूथ तक ले जाएंगे राहुल गांधी के विचारों कोः इमरान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी तथा उनके विभाग द्वारा श्रीनगर से कन्याकुमारी तक तथा मणिपुर से महाराष्ट्र तक पूरी यात्रा में कंधे से कंधा मिला कर किये गए पूर्ण सहयोग एवं अटूट समर्पण से प्रभावित होकर राहुल गांधी ने उनके और उनके पूरे विभाग के प्रति आभार जताया है।

श्री गांधी ने कहा कि इस यात्रा ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय के लिए लड़ने वालों तक पहुंचने का प्रयास किया। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हमने देखा कि कैसे अन्याय नफरत को जन्म देता है। इससे निर्मित अविश्वास की आड़ में भाजपा ने एक विभाजनकारी एजेंडा अपनाया है, जो सिर्फ कुछ लोगो को लाभ पहुँचाता है। इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि राहुल गांधीजी की सोच को विभाग बूथ स्तर तक पहुँचाने का हर संभव प्रयास कर रहा है, ऐसे में जब उसी नेता की तरफ से मुहब्बतों भरी एक चिट्ठी मिलती है तो दिल को सुकून मिलता है। चुनावी कैंपेन से लेकर संगठनात्मक विस्तार के साथ साथ हर मोर्चे पर इमरान प्रतापगढ़ी, श्री गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते है जिससे गृह जनपद प्रतापगढ़ के सभी कांग्रेसी और समर्थक गदगद है। यह जानकारी ज़िला कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के ज़िलाध्यक्ष दानिश माबूद ने दिया।



इमरान प्रतापगढ़ी को धन्यवाद पत्र देते राहुल गांधी।

# क्षेत्र में बगैर मान्यता के संचालित है स्कूल

## बीईओ के नोटिस भेजने के बावजूद चल रहे विद्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा निदेशालय के आदेश का अनुपालन करने में जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी संजीदा नहीं दिखाई दे रहे है। बगैर मान्यता के संचालित स्कूलों पर कार्रवाई करके निदेशालय को रिपोर्ट भी भेजनी थी, लेकिन कागजी कोरम की प्रक्रिया करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जिम्मेदारों ने अवैध स्कूलों को नोटिस देकर तत्काल बंद करने का आदेश भी दिया था, लेकिन अब तक एक पर भी कार्रवाई न करना विभागीय संलिप्तता को जाहिर करता है। वहीं बीएसए कहते है नाम बताओ कार्रवाई करता हूं।

बता दे कि स्थानीय क्षेत्र में बगैर मान्यता के संचालित स्कूलों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से परिषदीय स्कूलों पर संकट के बादल मंडरा रहे है। इन स्कूलों पर कार्रवाई न हुई तो परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या को बढ़ाने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। स्कूलों की स्थिति को देखते हुए भी विभाग नही चेत रहा है। वहीं शिक्षा अधिकार अधिनियम को दर किनार करते हुए दर्जनों स्कूल संचालित हो रहे है। आठ माह पूर्व बीईओ ने अवैध रूप से संचालित दस विद्यालयों को नोटिस भेजकर तत्काल संचालन को बंद करने का आदेश दिया था। लेकिन यह कार्रवाई महज खानापूर्ति तक सीमित रह गई। शिक्षा विभाग के अधिकारी आज तक जांच करना उचित नहीं समझे की चिन्हित किए गए बगैर मान्यता वाले स्कूलों का संचालन बंद हुआ की नही। विभाग की लापरवाही का नतीजा यह रहा की नोटिस जारी के बाद भी स्कूलों का संचालन हो रहा है। जब की नोटिस के बाद संचालन न बंद होने पर एक लाख का जुर्माना लिया जा सकता है। यदि उसके बाद भी संचालन किया जा रहा है तो प्रतिदिन के हिसाब से दस हजार के जुर्माने को वसूला जा सकता है। जिम्मेदारों की मनमानी बेसिक शिक्षा निदेशालय के आदेशों को भी दर किनार कर रखा है। इस संबंध में बीएसए ने बताया कि नाम बताओ कार्रवाई करता हूं।

## अनाथ आश्रम में महिलाओं को वितरित किए गए वस्त्र

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस कथन को आदर्श मानते हुए आदर्श बंधु संघ दादर मुम्बई के तत्वाधान में श्री शिव साई धाम संस्थान गधियावां पट्टी प्रतापगढ़ के अध्यक्ष व श्री राम सेवा संस्थान प्रतापगढ़ के संरक्षक अजीत पाण्डेय द्वारा सांताक्रुज पश्चिम स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी के अनाथ महिलाओं को गाउन संगीता अजीत पाण्डेय के हाथों भेट किया गया। इस मौके पर अजीत पांडेय ने कहा कि अनाथ और बुजुर्गों की सेवा बहुत पुनीत कार्य है। इस मौके पर आदर्श बंधु संघ के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष अरूण पाण्डेय, महासचिव प्रह्लाद पाण्डेय, अक्षयवर तिवारी, अरविंद मिश्रा, डॉ शिव कुमार पाण्डेय, विनय पाण्डेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



महिलाओं को वस्त्र वितरित करती अतिथि।

## अष्टभुजा नगर में मोटर पार्ट्स की दुकान में लगी आग, भारी नुकसान

### फायर ब्रिगेड मशक्कत से कर पाया आग पर काबू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के अष्टभुजा नगर में एक आटो पार्ट्स की दुकान में आग लगने से धू-धू कर दुकान जल गई जिससे आटो पा ट्स के सभी कीमती सामान जलकर राख हो गये। बताया जाता है कि रविवार को दोपहर लगभग 12 बजे विजय नामक व्यवसायी की आटो पार्ट्स की दुकान के बगल से आग लगी। दुकानदार कुछ समझ पाता, तब तक आग फैल गई थी। कहा जाता है कि किसी ने गांजा पीकर फेंक दिया था जिससे यह भीषण आग लग गई जिसको बुझाने के लिये फायर ब्रिगेड को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दिन में लगी आग हवा के कारण फैल पाती, इससे पहले फायर ब्रिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी में मोटर पार्ट्स के विक्रेता को काफी नुकसान हुआ है। खबर पाने पर वहां काफी भीड़ लग गई थी।

# एटीएम जालसाजों को दबोचा, छप्पन हजार नकदी व तमंचा व बम बरामद

## दो आरोपी गम्भीर धाराओं में भेजे गये न्यायालय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एटीएम की जालसाजी कर लोगों का पैसा गड़प करने वाले गैंग का पर्दाफाश करने में सफलता ली है। पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को एटीएम कार्डों की बरामदगी तथा एक तमंचे और कारतूस एवं नगदी समेत धर दबोचा। एसपी सतपाल अंतिल के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कोतवाल अवन दीक्षित के निर्देश पर रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने चैकी क्षेत्र के बछवल गांव में चेकिंग अभियान शुरू किया। इस बीच दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पकड़े गए आरोपी सांगीपुर थाना के भोजपुर गांव के पूरे सगरा का पुरवा निवासी अखिलेश सिंह पुत्र रामनाथ सिंह तथा सांगीपुर थाना के ही वीरशाहपुर गांव निवासी अनुज सिंह पुत्र शिवबहादुर के पास से तलाशी ली गयी तो दोनों के पास से दस दस एटीएम कार्ड बरामद हुये। आरोपी अखिलेश के पास से एक तमंचा तथा एक कारतूस भी पुलिस के हाथ लगा। वहीं आरोपियों के पास से जालसाजी के तहत एटीएम कार्डों से उड़ाये गये छाछठ हजार रूपये बरामद हुए। पकड़े गये आरोपी अखिलेश सिंह के पास से छप्पर हजार रूपये नकद तथा दस एटीएम कार्ड व एक तमंचा बरामद हुआ। वहीं दूसरे आरोपी अनुपम सिंह के पास से दस हजार रूपये नकद व विभिन्न बैंकों के दस एटीएम कार्ड एवं पांच देशी बम बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को चोरी तथा जालसाजी व आर्म्स एक्ट तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की गंभीर धाराओं में केस के तहत जेल भेज दिया। आरोपियों द्वारा हाल ही में कोतवाली क्षेत्र में दर्ज एटीएम जालसाजी को लेकर दो पीड़ितों से रूपये उड़ाये जाने की बात कबूली है। इस मामले में लालगंज कोतवाली के हारा का पुरवा अगई निवासी नीरज वर्मा पुत्र रामसजीवन की तहरीर पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एटीएम कार्ड से बीती पांच अप्रैल को पन्द्रह हजार रूपये उड़ाये जाने तथा इसी तरह सांगीपुर थाना के देऊम पूरब पूरे सुदामा का पुरवा निवासी रामेश्वर प्रसाद मिश्र पुत्र रामनरायण की तहरीर पर अठहत्तर हजार रूपये लालगंज स्थित बीओबी बैंक के एटीएम सेंटर से बीती अट्ठाइस एवं उन्तीस मार्च के बीच जालसाजी कर रूपये खाते से उड़ाये जाने को लेकर केस दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि एटीएम कार्डों से रूपये उड़ाने वाले शातिर जेल भेज दिये गये हैं। लालगंज कोतवाली की इस कामयाबी को लेकर सीओ रामसूरत सोनकर व एएसपी पश्चिमी संजय राय ने सराहना की है। सीओ ने बताया कि सफलता को लेकर पुलिस टीम के लिए ईनाम की भी एसपी को संस्तुति की जाएगी।

# हनुमान मंदिर चिलबिला में चल रही नौ कुण्डीय महायज्ञ मे भक्तों की उमड़ी भीड़

## मंदिर परिसर समेत पूरा चिलबिला हुआ भक्तिमय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जन श्रद्धा केंद्र प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला के परिसर में पांच दिवसीय पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन संपन्न हो रहा है। आज रविवार को आयोजन के पांचवें दिन सुबह नौ कुंडी महायज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ।

आज के यजमान मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य सपत्नी महायज्ञ में आहुति डाली। सब आरती कर सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। पांच दिनों से नौ कुंडी महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ एव प्रज्ञापुराण कथा में महिलाओ ने बढ-चढकर सहभागिता कर रही है। पूरा चिलबिला भक्तिमय बना है।

कार्यक्रम में श्री दुर्गा प्रसाद शुक्ला, मोहनलाल यादव, शुभम कुमार उमरवैश्य, ननकू वर्मा, मनोज कुमार उमरवैश्य, प्रकाश टेंट वाले, सीताराम प्रजापति, रोशनलाल उमरवैश्य, सोनू महाराज, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, जीतलाल, सत्य प्रकाश केडिया, शनि महाराज, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, सूरज उमरवैश्य, संजीव गुप्ता, संतोष उमरवैश्य, गीता यादव, सलोनी, श्रद्धा, मयंक आदि सम्मिलित रहे। प्रज्ञा पुराण कथा को गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या के व्यवस्थापक रामकेवल एवं महेंद्र सिंह ने संपन्न कराया।



नौ कुण्डीय महायज्ञ में पूजन अर्चन करते श्रद्धालु।

## मुंबई के डॉक्टरों की लापरवाही से रामपुर के युवक की गई जान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बेलारमपुर गाँव का सूर्यभान चैरसिया उम्र 35 वर्ष रोज़ी रोटी के लिये मुंबई में रहता था वहा पर उसने एक निजी अस्पताल में पथरी का आपरेशन करवाया था। आरोप है कि आपरेशन करने के बाद डाक्टरों ने ठीक ढंग से देखभाल नहीं किया। लापरवाही के चलते सूर्यभान के शरीर में इंफ़ेक्शन हो गया, जिससे उसकी शनिवार को मौत हो गई इसके बाद भी हास्पिटल प्रशासन बॉडी देने के बदले डेढ़ लाख रुपयों की माँग कर रहे। स्थानीय भाजपा विधायक के हस्ताक्षेप के बाद परिजनों को बॉडी मिल सकी। मृतक के दो बच्चे है मौत की खबर से गाँव में मातम छाया हुआ है। वहाँ पर मौजूद परिजनों ने मुंबई में ही अंतिम संस्कार कर दिए। घटना पर गाँव के कृपा शंकर चैरसिया, केदार चैरसिया, विद्या सागर चैरसिया, राजेंद्र प्रसाद चैरसिया, विनोद चैरसिया आदि ने घर पहुँच कर सांत्वना दी। वहीं जानकारी होने पर भाजपा नेता व चैरसिया समाज प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष शिव चैरसिया ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# मासूम छात्रों की अलग अलग दुर्घटनाओं में हुई मौत को लेकर दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अलग अलग दुर्घटना में दो मासूम छात्रों की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के असैनापुर निवासिनी शीला देवी पत्नी स्व0 राजमणि ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तीन अप्रैल को उसका बेटा शुभ (12) साइकिल से स्कूल जा रहा था। अमावां-लालगंज-रायबरेली हाइवे पर वर्मानगर पुल के समीप तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने उसके पुत्र को कुचल दिया। बेटे की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात टैड्रक्टर चालक के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। दूसरी घटना कोतवाली के पूरे ब्रम्हचारी का पुरवा में छात्र की दुर्घटना में मौत से जुड़ी हुई है। इस दुर्घटना को लेकर मृतक छात्र रिषभ (12) के दादा धुन्नीलाल सोनकर पुत्र रामअवतार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने शनिवार की रात गैर इरादतन हत्या व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। मृतक रिषभ पुत्र राजकपूर धारूपुर के एक स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। रिषभ की मौत को लेकर घटना के दूसरे दिन रविवार को भी घर में कोहराम मचा दिखा। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि केस दर्ज किया गया है शीघ्र ही आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेजा जाएगा।

### तमंचे समेत आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे व कारतूस के साथ धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर रविवार को उसे न्यायालय भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा कबीरदास फोर्स के साथ गशत पर निकले थे। शनिवार की देर शाम पूरे श्यामसिंह गांव के पास एक संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर दबोचा तो तलाशी लेने पर एक तमंचा तथा एक कारतूस बरामद हुआ।

## रोजा इफ्तार में खुशहाली व सलामती की मांगी गयी दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर बाजार में माहे रमजान को लेकर सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय व्यापारियों के अलावा हिन्दू मुस्लिम सौहार्द का वातावरण दिखा। व्यापार मण्डल अध्यक्ष जाकिर अली की निगहबानी में इफ्तार पार्टी में रोजेदारों ने खैर की दुवाओं के साथ अमन चैन की भी सलामती की दुआ की। कार्यक्रम में लोगों ने आपसी भाईचारे एवं खुशहाली की मजबूती को लेकर भी दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में मौलाना अबु बकर कासमी, मौलाना इमरान कासमी, वाहिद अली, जामिद खान, अकरम खान, हसनैन खान, वाकिद अली, साकिर अली, फकरूल हसन, अकरम खान, राशिद अली, पवन पाण्डेय, प्रमोद जायसवाल, सरदार इंद्रजीत सिंह, साहिल खान, तैमूर, अनस खान, अयान खान आदि रहे।

# सड़क पर गिरा बाइक सवार चार पहिया वाहन ने रौंदा, दर्दनाक मौत

## कोतवाली पुलिस ने युवक के शव को भेजा पोस्टमार्टम परिवार में मचा कोहराम



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली से 10 कदम दूर निशात हॉस्पिटल के सामने बाइक सवार किसी दूसरे को बचाने के चक्कर में फिसलकर अचानक सड़क पर गिर गया जिससे पीछे आ रहे तेज रफ्तार वाहन की चपेट में वह आ गया युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों के भीड़ लग गए सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। जानकारी के अनुसार पथरावा गांव निवासी विकास कुमार उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र रामू बाइक से अपनी मौसी के घर सैनी जा रहा था सैनी कोतवाली के आगे निशात्त हॉस्पिटल के सामने किसी को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे बाइक सवार युवक भी सड़क पर गिर गया उसी दरम्यान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट युवक आ गया जिससे युवक का सिर टायर के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाले वाहन को कब्जे में लेकर गंभीर घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टरों ने युवक की मौत की पुष्टि की है ।पुलिस कागजी कार्रवाई में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा है।

## रोडवेज की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

### पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव परिजनों में कोहराम





**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग ओवर ब्रिज के नीचे सर्विस लाइन पर अज्ञात रोडवेज की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस कागजी कोरम पूरा करने में जुट गई ! घटनाक्रम के मुताबिक माधव प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 54 वर्ष निवासी पहाड़पुर कोदन थाना सैनी के प्रयागराज होटल अथसराय में भोजन बनाने का कार्य करते थे बीती देर रात्रि घर जाते समय करीब 1 बजे सैनी ब्रिज के नीचे रोडवेज की चपेट में वह आ गए मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने अधेड़ की मौत की पुष्टि की है ।अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है मृतक के 2 बेटे विकास कुमार एवम आकाश विश्वकर्मा है मृतक के बड़े पुत्र विकास कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पहले उसके पिता खुद का होटल चलाते थे फिलहाल 15 दिन से प्रयागराज ढाबा अथसराय में कार्य करने लगे थे।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में पारिवारिक कलह के चलते एक वृद्ध ने रेलवे लाइन पर अपनी गर्दन रख दी,जिससे ट्रेन से कटकर वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई,घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही वृद्ध की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन पर रविवार की शाम को मंगर लाल उम्र 65 पुत्र मसुरियादीन निवासी वार्ड नम्बर 24 शहीद गुलाब सेन नगर भरवारी गौशाला मोहल्ला ने ट्रेन आने के दौरान रेलवे लाइन पर अपनी गर्दन रख दी जिससे ट्रेन से कटकर उसकी मौत हों गई लोको पायलट की सूचना पर भरवारी आरपीएफ पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गयी।



## खेत से लौट रही बालिका को युवकों ने सुंघाया नशीला पदार्थ

**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र की एक बालिका खेत से घर लौट रही थी युवकों ने बालिका का आंख मुह दबाकर नशीला पदार्थ सूंघा दिया,जिससे बालिका नशे में हो गई,तभी लोगों को आता देख कर वहीं पर बालिका को छोड़कर आरोपी फरार गए,काफी देर तक बालिका को होश नही आया तो मोहल्ले के लोगों ने उसके परिजनों को सूचना दी जिस पर परिवार के लोग बालिका को खोजने निकले तो बालिका रास्ते में बेहोश हालत में पड़ी थी मां ने एम्बुलेंस की मदद से बालिका को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवा दिया है जहा उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र की एक किशोरी शनिवार की देर शाम खेत से वापस घर जा रही थी,रास्ते में युवकों ने बालिका का मुंह आँख दबाकर कोई नशीला पदार्थ सूंघा दिया,जिससे वह नशे में हो गई,लेकिन तभी गांव के कुछ लोग आ गए तो बालिका को छोड़कर युवक फरार हो गए,बेहोशी की हालत में बालिका को देख सभी के होश उड़ गए मौके से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना बालिका के परिजनों को दी जिस पर बालिका के परिजन इलाज के लिए लेकर उसे अस्पताल पहुंचे हैं।

# चूल्हे की चिंगारी से तीन घरों में लगी आग गृहस्थी जलकर खाक



**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के एक गांव में चूल्हे की चिंगारी से अचानक लगी आग से तीन घरों की गृहस्थी जलकर राख हों गई,इस आगजनी में जहा एक बकरी की जलकर मौत हो गई वही तीन परिवारों को लाखो का नुकसान हुआ है ।आग लगने की घटना की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के रसूलपुर बदले गांव के विनोद कुमार के घर की शनिवार रात करीब आठ बजे महिलाएं चूल्हे पर खाना बना रहीं थीं। इस दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से ऊपर पड़े छप्पर में आग लग गई। महिलाएं शोर मचाते हुए बाहर भागीं तो मोहल्ले के लोग जुटे लोग आग पर काबू पाने का प्रयास कर ही रहे थे कि तेज लपटों ने पड़ोसी अंतराम व कमलेश के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की जानकारी मिलते ही बचाव एवं राहत कार्य के लिए गांव के तमाम लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक तीन घरों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि इस अग्निकांड में लाखों रुपया का नुकसान हुआ है।

# कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का किया गया जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गौरव पांडे का कौशाम्बी कांग्रेस कार्यकताओं ने कौशाम्बी के प्रथम आगमन पर जगह जगह फूल माला पहनाकर स्वागत किया । जिलाध्यक्ष बनने के बाद कौशाम्बी मुख्यालय आगमन पर कसेन्दा में पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया । तिलहापुर में पूर्व जिला सचिव मोहम्मद फरमान के नेतृत्व में ,बेनीराम कटरा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कालका सिंह व शम्भू यादव के नेतृत्व में ,संवरो पिंडरा में मंझनपुर ब्लाक अध्यक्ष मो0 सफीक के नेतृत्व में , करारी में अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी एवं सीताराम गुप्ता के नेतृत्व में , दीवर कोतारी में एडवोकेट संदीप पाण्डेय एवं पाल सभा के जिलाध्यक्ष भीम पाल के नेतृत्व में तथा ओसा में कौशाम्बी कांग्रेस के उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया,पूर्व महासचिव कौशलेश द्विवेदी , युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शशि प्रताप त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वागत किया गया तथा मंझनपुर चौराहे में उपाध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव व सचिन शुक्ला के नेतृत्व में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम , उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा ₹पप्पू₹ , देवेश श्रीवास्तव ,पूर्व महासचिव कौशलेश द्विवेदी ,युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शशि प्रताप त्रिपाठी , राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी , युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी , सेवादल के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शम्मू जाफरी , विवेक मिश्रा , सचिन पाण्डेय , सचिन शुक्ला , पाल सभा के अध्यक्ष भीम पाल सीताराम गुप्ता एडवोकेट संदीप पांडेय , मुकेश चतुवेर्दी ,सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### खबर का असर ! विद्युत विभाग ने ग्राम सभा के मजरे में शुरू की आपूर्ति

**मजरे के निवासी उमेश,दिलीप आदि ने अखंड भारत संदेश अखबार को धन्यवाद दिया**



अझुवा कौशांबी सिराथू तहसील के ग्राम सभा धुमाई के मजरा मुराईन के पुरवा में बीते बृहस्पतिवार को 440 बिजली लाइन पर पीपल का पेड़ गिर जाने से विद्युत पोल टूटकर धराशाई हो गया था जिससे मजरे के 100 कनेक्सन धारियों के घरों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई सूचना पर आम जनमानस की समस्याओं को दैनिक अखबार अखंड भारत संदेश ने तीन दिन से अंधेरे में रहने को मजबूर ग्राम वासी शीर्षक से खबर लगाई थी जिस पर संज्ञान लेकर विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता ने आज दिन रविवार विद्युत कर्मचारियों के सहयोग से गांव में लगे दूसरे 63 केवी के ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति बहाल करवा दी है मजरे के निवासी उमेश,दिलीप आदि ने अखंड भारत संदेश अखबार को धन्यवाद दिया है

### प्लग लगाते समय युवती को लगा करंट



**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया में पंखे का प्लग लगाते समय एक युवती को करंट का झटका लग गया, करंट लगने से युवती बेहोश हो गई,परिजनो ने युवती को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जहा उसकी हालत अब ठीक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया के अजय की पुत्री पल्लवी शनिवार की रात में पंखा लगाने के लिए प्लग लगा रही थी,तभी अचानक उसे करंट का झटका लग गया, करंट लगते ही वह बेहोश हो गई,परिजनो ने पल्लवी को जमीन पर पड़े देखा तो हड़कंप मच गया,आनन फानन में पल्लवी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया,जहा अब उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

### सर्किल पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**अझुवा कौशांबी** पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार रविवार से अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया इसी क्रम में सर्किल ऑफिसर सिराथू अवधेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में सैनी कोतवाली पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया है कोतवाल जे के शर्मा के साथ सैनी चौराहा, धाता रोड मुख्य सड़क सहित कई अन्य जगहों पर वाहन की जांच की गई वाहन जांच अभियान के क्रम में वाहनों से संबंधित आवश्यक कागजात हेलमेट तथा डिक्की आदि की जांच की गई इस दौरान दो पहिया वाहन और चार पहिया मिलकर 25 वाहनों का चालान पुलिस ने किया है चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा इस संबंध में जानकारी लेने पर कोतवाल जे के शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में वाहन जांच अभियान चलाया गया है संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई है इस अवसर पर सिराथू चौकी इंचार्ज धीरेंद्र कुमार सिंह कांस्टेबल प्रवीण कांस्टेबल आशीष कुमार कांस्टेबल जयवीर कांस्टेबल अजय यादव कांस्टेबल संदीप जाट कांस्टेबल आकाश दुबे मौजूद रहे हैं।

### कौशाम्बी पुलिस ने मणिपुर स्टेट आर्म्ड पुलिस के साथ किया पैदल मार्च



**कौशाम्बी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना कौशाम्बी पुलिस बल ने मणिपुर स्टेट आर्म्ड पुलिस के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया। इस दौरान पुलिस बल ने लोकसभा चुनाव में निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया।

### 01 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 नीरज कुमार उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त गौरी शंकर विश्वकर्मा पुत्र नथन लाल नि0 रामपुर सुहेला थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को नियामतपुर मंदिर के पास से 01 किलो 450 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 87/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

# ओडीएफ घोषित होने के बाद खुले में मलमूत्र त्याग करने को विवश लोग




**कई दशक से संचालित सब्जी मंडी, गुड़ मंडी, लाई मंडी में नही है शौचालय**

**अझुवा कौशांबी।** ग्राम सभा से नगर पंचायत अझुवा को नगर पंचायत का दर्जा सन 197778 में मिला था नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 12 नया नगर में कई दशक से सब्जी मंडी और लाई गुड़ की मंडी लगती है यह मंडी जिले की प्रमुख मंडियों में गिनी जाती है यहां पर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्र के लोग गुड़ और नजदीकी गांवों जैसे काने मई, नंदेमाई, घुमाई, साखा, बरीपुर, टांडा, भैरायें, रसूल पुर, मढियामई, बहुआ, बीच का पुरवा आदि दर्जनों गांव के लोग सब्जी खरीदने और बेचने आते हैं यदि किसी व्यापारी,किसान,ग्रामीण को शौच आ गई तो इधर उधर किनारा खोजता रहता है,उसके लिए कहीं भी शौचालय मिलना मुश्किल हो जाता है नगर पंचायत की तमाम ऐसी भूमि लोगों ने कब्जा कर रखी है जिसमे शौचालय बनवा कर समस्या का समाधान किया जा सकता है शौचालय मूत्रालय की व्यवस्था मंडी में न होने से इधर-उधर लोग मलमूत्र का त्याग करते हैं जिससे गंदगी बढ़ती है और दुर्गन्ध से लोगों को दिक्कतें होती है एक तरफ सरकार का कहना है कि जिले को उसने ओडीएफ खुले में शौच मुक्त घोषित कर दिया है खुले में मलमूत्र का त्याग नहीं होता है लेकिन मंडी में शौचालय मूत्रालय की व्यवस्था न होने से मजबूरन लोगों को खुले में मलमूत्र त्याग करना पड़ रहा है रामसेवक, बाबूलाल, अजमेरी का कहना है यदि कुछ नालियों के ऊपर घेर कर मूत्रालय का निर्माण कर दिया जाय तो काफी हद समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

# लोधउर पुलिस चौकी क्षेत्र में रात की पुलिस ने बंद की गश्त

**दिन में पूरे दिन शिकार की तलाश में चौकी पुलिस क्षेत्र में है भटकती**

**चोरी की घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद खुलासे में फिसड्डी साबित हो रही पुलिस**

**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना के लोधउर पुलिस चौकी क्षेत्र में काफी समय से रात्रि कालीन गस्त को चौकी पुलिस ने बंद कर दिया है जिससे क्षेत्र में अपराधी निरंकुश हो गए हैं और आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं इलाके में चोरी की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है जिससे आम जनता भयभीत है हालांकि पुलिस गस्त के नाम पर पूरे दिन क्षेत्र में भ्रमण करती है और शिकार की तलाश करती है। चौकी इंचार्ज के मनमानी के चलते इस समय लोधउर पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिसिया ब्यवस्था चौपट होती दिखाई पड़ रही है पुलिस अधीक्षक के लाख कोशिश करने के बाद भी चुस्त दुरुस्त ब्यवस्था लोधउर पुलिस चौकी क्षेत्र में कायम होती नही दिख रही है पुलिसिया गस्त रात के बजाए सुबह लगाई जाती है और शिकारी की तलाश की जाती है पुलिस की गस्त बंद हो जाने के बाद कहीं न कहीं चोरों को बढ़ावा मिल रहा है जो पुलिसिया ब्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। पिपरी थाना के लोधउर पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस इस समय रात की गश्त नही कर रही है या तो वह बालू वाहनों की अवैध रसूली में मस्त है या फिर पूरी रात चैन की नींद सोती है सुबह शिकारी की तलाश में पुलिस गस्त पर निकलती है अभी चार दिन पहले ही राम नरेश व जितेन्द्र की भैंस चोर खोलकर रफू चक्कर हो गये थे जिसका आज तक सुराग नही लगा है और न ही उन चोरों की गिरफ़्तारी हुई रात बारह बजे के बाद भैंस चोरी हुई थी 12:38 मिनट पर सीसीटीवी कैमरे मे कैद उस मैजिक का भी आज तक कोई सुराग नही लग सका अब पुलिसिया ब्यवस्था पर सवाल खड़ा होना लाजमी है कि जब चोर रात के अंधेरे मे आते है और घटनाओं को अंजाम देते हैं घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद पुलिसिया खुलासा ना होने से सवाल खड़े हो रहे हैं पुलिस टीम का सुबह गस्त लगाने का क्या औचित्य है भैंस चोरी की घटना के बाद चौकी पुलिस सुबह 4:52 मिनट पर गस्त लगाकर आखिर क्या साबित करना चाहती है जो गंभीर जांच का विषय है क्षेत्र में पुलिस गस्त बंद हो जाने और चोरी की घटनाएं बढ़ जाने उनका खुलासा ना हो पाने से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं और पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए व्यवस्था सुधार करने की मांग की है।

### पैरामिलिट्री के साथ मंझनपुर पुलिस ने किया एरिया डोमिनेशन


**कौशाम्बी** थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया । मतदान के दौरान बाहर से ड्यूटी हेतु आने वाले फोर्स के ठहरने के स्थानों की सुविधाओं का जायजा लिया गया।

### पैरामिलिट्री फोर्स व पुलिस बल के साथ करारी पुलिस ने किया एरिया डोमिनेशन

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान के दौरान बाहर से ड्यूटी हेतु आने वाले फोर्स के ठहरने के स्थानों की सुविधाओं का जायजा लिया गया।

# तेज धूप से बचने के लिए मतदाताओं को क्या सुविधाए देगा निर्वाचन आयोग

**तेज धूप के चलते बीते चुनाव में तमाम मतदाता लू तेज धूप हीट स्ट्रोक की चपेट में आ गए थे**




**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में मतदान में तपनभरी तेज घूप से बचने के लिए मतदाताओं को छावनी मैं बैठने पंखे की हवा की व्यवस्था और पीने की पानी की व्यवस्था कराए जाने की जरूरत है जिससे मतदाता तेज धूप लू और हीट स्ट्रोक का शिकार होने से बच सके वरना तेज धूप के चलते घंटो खुले आसमान के नीचे खड़े होकर मतदान करने के लिए जाने के पहले मतदाताओं को बार-बार सोचने पर विवश होना पड़ेगा जिसके चलते मतदान का प्रतिशत बढ़ नहीं पाएगा बीते चुनाव के अनुभव बताते हैं कि तेज गर्मी के महीने में होने वाले मतदान में मतदाताओं को कड़ी धूप में खुले आसमान के नीचे कई कई घंटे अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ा है तमाम मतदाता लू तेज धूप हीट स्ट्रोक की चपेट में आ गए थे और उन्हें कई कई दिनों तक दिक्कतों से जूझना पड़ा जबकि निर्वाचन आयोग ने बीते चुनाव में भी मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखने का निर्देश निर्वाचन अधिकारियों को दिया था मतदान केदो में पर्याप्त टेंट नहीं लगाए गए हैं मतदाताओं के बैठने के लिए छावनी की व्यवस्थाएं नहीं की जाती है मतदान केंद्र के आसपास पीने की पानी की व्यवस्थाएं नहीं होती हैं जिससे मतदान के समय तेज धूप में लोग प्यासे रहते हैं और इसी नतीजा के चलते लोग तेज धूप लू और हीट स्ट्रोक का शिकार मतदाता होते हैं मतदान करने पहुंचे लोगों का सम्मान करने के बजाय सुरक्षा में लगे पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देकर के मतदाताओं को कड़ी धूप में दूर-दूर खड़े रहने पर विवश करते हैं एक तरफ कहा जाता है कि मतदाता देश का भगवान है यह लोकतंत्र है और मतदाता ही सब कुछ है और मतदाताओं के साथ इतना रूखा ब्यवहार मतदान के दिन होता है जबकि मतदान से जुड़े सरकारी कर्मियों अधिकारियों को विभिन्न प्रकार की सुविधाए मतदान के दिन उपलब्ध कराई जाती हैं लोकसभा चुनाव 2024 में एक बार फिर निश्चित हो गया है कि तेज धूप के बीच मतदान होना निश्चित है और मतदाताओं की सुविधाओं के बारे में निर्वाचन विभाग के अधिकारियों द्वारा क्या ख्याल रक्खा जाएगा इस बारे में अधिकारियों द्वारा अभी तक किसी तैयारी पर बयान बाजी नहीं दी गई है जिसके चलते मतदाताओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### निःशुल्क परामर्श , रक्त दान शिविर का होगा आयोजन

**अझुवा कौशांबी** स्व राम खेलावन आर्य की 27 वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में निःशुल्क परामर्श एवम रक्त दान शिविर का 18 अप्रैल दिन गुरुवार को समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक नगर पंचायत अझुवा के टांडा रोड सिनेमा हाल के पास आयोजन होगा जिसमे नव जात शिशु एवम बाल रोग विशेषज्ञ डा पुष्कर केसरवानी, (एम बी बी एस, डीसीएच, डी एन बी)स्त्री एवम इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ डा वर्षा केसरवानी (एमबीबीए, एम एस) मौजूद रहेंगे यह जानकारी कपूर चंद्र केसरवानी ने दी है।

### वाहन चेकिंग के दौरान कार्यवाही

कौशाम्बी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बिना नम्बर प्लेट, ओवर लोड, बिना डीएल, बिना प्रपत्र, मादक पदार्थों का सेवन कर एवं ओवर स्पीड वाहन 03 पहिया 04 पहिया व ओवरलोड ट्रक तथा ऑटो रिक्सा/टेंपो में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वालो के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 359 चालान तथा 07 वाहन सीज किये गये तथा 08 वाहनों के काली फिल्म उतरवायी गयी व 06 वाहनों के हूटर उतरवाये गये।




### जनहित कारिणी समिति के तत्वाधान मे मनाया गया होली मिलन कार्यक्रम

**नेवादा कौशाम्बी।** जनहित कारिणी समिति उत्तर प्रदेश का कौशाम्बी मे गठन किया गया जो समिति के माध्यम से होली मिलन समारोह का कार्यक्रम दिनांक 7अप्रैल रबिवार को तिल्हापुर मोड़ के बिष्णू भगवान गेस्ट हाउस मे धूमधाम से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि व वक्ता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केशरवानी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन (एडवोकेट) ने किया कार्यक्रम मे बहुत ही जोरों से पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गायक कलाकारों ने अपनी गायकी के माध्यम से तरह तरह के गीत होली व भक्ति रसों मे झूमते हुये कार्यक्रम सजाया गया व मुख्य रुप से कार्यक्रम संयोजक रहे समिति के जिला अध्यक्ष रामबाबू केशरवानी के अथक प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाया गया समिति के महामंत्री मदन केशरवानी ने भी खूब अच्छा सहयोग निभाया इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुनील केशरवानी संगठन मंत्री डा.गनेश प्रसाद सदस्य रनविजय सिंह कमलेश शर्मा संजीव चौरसिया जिला अध्यक्ष प्रयागराज अभिलाष केशरवानी नगर अध्यक्ष यमुनापार सोनू केशरवानी मुन्ना सिंह यादव सदाव्रत पांडेय प्रदीप केसरवानी ब्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाश केशरवानी महामंत्री संतोष सोनी एवं अन्य पदाधिकारी व तिल्हापुर मोड़ वासी मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# भारत बने विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

भारत, विश्व में उपभोक्ताओं का सबसे बड़ा केन्द्र बिन्दु है, इसी कारण आज सम्पूर्ण विश्व के उद्योगपतियों की निगाहें भारत पर केन्द्रित हैं। ये उद्योगपति, भारत में निवेश हेतु कोई न कोई अवसर सदैव ही तलाशते रहते हैं। इसी कारण आज भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की वृद्धि हो रही है और यह वृद्धि ही हमारी अर्थव्यवस्था को विश्व में 5वें से तीसरें पायदान पर लाने की सबसे बड़ी कुंजी है। मोदी जी के द्वारा की गई घोषणा का क्रियान्वन आगामी 5 वर्षो में सम्भव हो सकता है, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था से ऊपर के पायदान पर मात्र 2 राष्ट्र झ्र जापान व जर्मनी ही विराजमान हैं। उपरोक्त दोनों दोनों देशों की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर मात्र 1-2 प्रतिशत ही है, अतः तृतीय पायदान पर भारत के स्थापित होने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है।

पिछ्ले 7 दशक में भारत की जीडीपी जो वर्ष 1947 में 2.70 लाख करोड़ थी, वो वर्ष 2023-24 तक 301.75 लाख करोड़ अर्थात 3.75 ट्रीलियन हो गई है, तब डालर का मूल्य 3 रुपए 30 पैसे था, जबकि आज 83 रुपए से अधिक हो चुका है। दूसरे रूप में देखा जाए तो स्वतंत्रता के समय तो हमारी साक्षरता वृद्धि दर मात्र 12 फिसदी वार्षिक थी, जबकि आज 75 प्रतिशत पहुँच चुकी है। यदि पिछ्ले 70 वर्षो में भारत की प्रगति का आंकलन किया जाए तो हमें बहुत अधिक प्रसन्न होने का कोई कारण नहीं दिखाई देता, क्योंकि वर्ष 1979 में हमारी और चीन की जीडीपी एक समान थी। इसके पश्चात चीन ने लगभग 10 प्रतिशत की दर से अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया और अब वह भारत की तुलना में बहुत आगे निकल चुका है। वर्ष 2022 में जहाँ भारत की प्रतिव्यक्ति आय 2388 डालर थी, वहीं चीन 12720 डालर प्रतिव्यक्ति का स्तर प्राप्त कर चुका था। चीन की सुदृढ़ होती अर्थव्यवस्था से, भारत के अर्थशास्त्रियों को गम्भीर चिंतन करने की आवश्यकता है।

वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था 5वें पायदान पर तो पहुँच गई, परन्तु उसका वास्तविक लाभ कुछ प्रतिशत जनता को ही प्राप्त हो रहा है, जिनकी आय में असीमित वृद्धि होती जा रही है। भारत की प्रगति का संतुलित वितरण आम जनता के मध्य असफल रहा है। आज भारत की 85 करोड़ जनता 2 वक्त की रोटी जुटाने में भी असमर्थ है, जोकि मोदी जी की कृपा से प्रतिदिन अपनी भूंख को शान्त करती है। देश के सर्वांगीण विकास हेतु आगामी सरकार को बेराजगारी, चिकित्सा, शिक्षा, कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, न्याय प्रणाली, संवैधानिक संस्थाओं की राजनैतिक प्रभाव से मुक्ति, बाल स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, कृषि का तकनीकी विकास, प्रौद्योगिकी और नवाचार में निवेश आदि विषय पर विशेष ध्यान देना होगा। राजनेताओं का कार्य योजना बनाना होता है और उस योजना को क्रियान्वित करना और सुविधापूर्ण बनाना अधिकारियों का कार्य है। भारत की विडम्बना है कि सरकार के प्रशासनिक अर्थशास्त्री, भारत की प्रगति को जनता के मध्य न्यायपूर्ण वितरण करने की श्रेष्ठ नीति बनाने में सफल नहीं हो पाए है। जब भारत की प्रगति का लाभ यहाँ की सम्पूर्ण 140 करोड़ जनसंख्या को मिलने लगेगा तो भारत के लिए भी चीन के सदृश 10 प्रतिशत की प्रगति को प्राप्त करना असम्भव नहीं होगा, जिसकी भारत को नितान्त आवश्यकता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि भारत को कोई श्रेष्ठ प्रशासनिक अर्थशास्त्री मिले, जिससे यहाँ की भूखमरी और बेरोजगारी दोनों पर अंकुश लग सके और भारत की अर्थव्यवस्था आगामी 5 वर्षों में ही तीसरें पायदान पर सुशोभित होकर मोदी जी का स्वप्न पूर्ण हो।

# सोशल मीडिया की लत पर नियंत्रण जरूरी

कुछ समय पहले तक एक आम धारणा थी कि जब भी कभी घर की बेटी समझदार हो जाए तो उसके विवाह के लिये विचार शुरू हो जाता था। उसी तरह यदि घर का बेटा बिगड़ने लग जाए तो उसे ठीक करने की मंशा से भी उसके विवाह के बारे में सोचा जाता था। परंतु आजकल के दौर में ऐसा नहीं है। आजकल का युवा जिस कदर सोशल मीडिया के साथ घंटों बिताता है उसे लेकर भी माँ-बाप में चिंता बढ़ती जाती है। पिछले दिनों आपने सोशल मीडिया पर होली के उपलक्ष्य में ऐसे कई वायरल

वीडियो देखे होंगे जहां लड़के लड़कियाँ खुलेआम ऐसी हरकतें करते दिखाई दिए कि सभी शर्मसार हुए। आखिर इस समस्या का क्या कारण है और इससे कैसे निपटा जाए? दिल्ली मेट्रो में दो लड़कियों द्वारा अश्लील वीडियो रील बनाने को लेकर काफी बवाल मचा। जैसे ही इस वीडियो को लेकर दिल्ली वालों ने मेट्रो प्रशासन से सवाल पूछे तो दिल्ली मेट्रो ने इसे ह्यडीप फेकह्ण कह कर इससे पल्ला झाड़ने का प्रयास किया।

परंतु जब कुछ लोगों ने इसकी जाँच की तो यह वीडियो सही पाया गया और वीडियो में देखी गई लड़कियों ने भी इसे स्वीकारा। यह लड़कियाँ यहीं नहीं रुकीं उन्होंने दिल्ली से सटे नोएडा में एक स्कूटी पर बैठ ऐसा ही एक और अश्लील वीडियो बना डाला। वीडियो सामने आने के बाद नोएडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन लोगों का 33 हजार रुपए का चालान भी काटा। परंतु क्या सिर्फ.चालान ही इस समस्या का हल है?

ऐसा देखा गया है कि न सिर्फ. ऐसे अश्लील वीडियो बनते हैं बल्कि ऐसे अनेकों अन्य वीडियो भी बनाए जाते हैं जहां युवा खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई देते हैं। कभी-कभी तो ऐसे वीडियो जान लेवा भी साबित होते हैं। परन्तु क्या किसी ने सोचा है कि ये युवा इतने बेलगाम क्यों होते जा रहे हैं? सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो डाल कर आखिर वो क्या हासिल करना चाहते हैं? ऐसी हरकतें कर वे कुछ समय तक तो सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध अवश्य हो जाएँगे, पर उसके बाद क्या? क्या इस प्रसिद्धि से उन्हें कुछ आर्थिक लाभ होगा? क्या इस प्रसिद्धि का उनकी शैक्षिक योग्यता पर अच्छा असर पड़ेगा? क्या ऐसा करने से उनका मान-सम्मान बढ़ेगा? इन सभी सवालों का उत्तर ह्यनहींह्ण ही है। तो फिर ये प्रसिद्धि या ऐसी हरकतें किस काम की? वहीं यदि इन युवकों के नजरिए से देखा जाए तो इन हरकतों के पीछे न सिर्फ.सही संगत की कमी है बल्कि उससे भी ज्यादा रोजगार की कमी है। यदि इन युवकों को समय रहते उनकी योग्यता के मुताबिक सही रोजगार मिल जाते तो शायद ऐसे दृश्य देखने को न मिलते। जिस तरह मोबाइल फोन के जरिये सोशल मीडिया ने हर घर में अपनी जगह बना ली है, ऐसे क्रियाकलापों से छुटकारा पाना असंभव होता जा रहा है। बच्चा हो, युवा हो या घर का कोई बड़ा सदस्य जिसे देखो उसकी गर्दन झुकी ही रहती है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि आज के दौर में वही सर उठा कर रह सकता है जिसके पास स्मार्ट फोन नहीं है। यह तो हुई मजाक की बात। परंतु क्या वास्तव में इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है? ऐसे कई छोटे और सरल उपचार हैं जिससे इस समस्या से निदान पाया जा सकता है। सबसे पहले तो स्क्रीन टाइम पर राशन लगाना जरूरी है। क्या आपने कभी सोचा है कि दिन के 24 घंटों में आप कितना समय अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर लगाते हैं? क्या आप अपने परिवार, समाज व सहकर्मियों के साथ उसका कुछ हिस्सा भी बिताते हैं? आज के दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ही हैं जो हमें अपने समाज से दूर कर अराजक बना रहे हैं। यदि हम अपने परिवारों में एक बात निश्चित कर लें कि दिन के 24 घंटों में एक निर्धारित समय ऐसा हो जब परिवार का हर सदस्य अपना-अपना मोबाइल छोड़ एक दूसरे से बात करे, साथ बैठ कर भोजन या भजन करे तो इस समस्या का अंत आसानी से हो जाएगा। एक बार कुछ मित्रों ने मिलने का प्लान बनाया। एक महँगे से रेस्टोरेंट में मिलना तय हुआ। सभी मित्र अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में काफी प्रसिद्ध और संपन्न थे। सभी के हाथ में महँगे मोबाइल फोन भी थे। जैसे ही सभी मित्र इकट्ठा हुए तो जिस मित्र ने इस पार्टी का आयोजन किया उसने खड़े हो कर एक घोषणा की। उसने सभी मित्रों से कहा कि आज की पार्टी हमेशा की तरह नहीं है। जैसा कि हम सभी मित्र हमेशा करते हैं कि रेस्टोरेंट के बिल का भुगतान मिल-बाँट कर करते हैं, आज ऐसा नहीं होगा। सभी ने पूछा तो फिर आज पार्टी कौन दे रहा है? इससे पहले की उत्तर मिलता आयोजक ने टेबल के बीचों बीच रखी एक टोकरी की ओर इशारा किया और सभी से अपना-अपना फोन उसमें रखने को कहा। फिर वो बोला कि यह समय हम सभी एक दूसरे के साथ बिताएँ और अपने फोन को भी आराम करने दें। फोन की घंटी बजने पर, जो भी व्यक्ति सबसे पहले इस टोकरी में से अपना फोन उठाएगा वो ही सबका बिल भरेगा।

# पहचाने देशज राजनीति के पांच तत्व?

**@ राकेश अचल**

*******

मनुष्य की देह क्षित, जल, पावक, गगन और समीर जैसे पांच प्रमुख तत्वों से निर्मित है। इसी तरह भारत की राजनीति के भी पंच महाभूत हैं, लेकिन इनकी शिनाख्त अभी तक किसी ने नहीं की। दुनिया की सबसे पुरानी पार्टी हो या दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी, सबने भारतीय राजनीति को पहचानने में लगातार गलतियां की है। किसी ने राजनीति के पांच भूतों में जुमले मिला दिए, किसी ने नारे, किसी ने गारंटियां तो किसी ने वारंटियाँ। भारतीय राजनीति के पंचतत्व हमेशा पार्श्व में धकेले जाते रहे। कभी आपने सोचा कि भारतीय राजनीति के पांच तत्वों को देश की आजादी के लिए लड़ने वाले लोगों ने बहुत पहले पहचान लिया था, लेकिन वे उन तत्वों को किताबों में दर्ज करने से ज्यादा कुछ नहीं कर पाए। भारतीय राजनीति के पांच तत्वों को संविधान में जगह मिली लेकिन राजनीति में नही। कांग्रेस ने इस दिशा में आधी-अधूरी कोशिश की लेकिन कांग्रेस की छह दशक से ज्यादा लम्बी कोशिश पर भाजपा ने एक दशक में ही मिटटी में मिला दिया। आज भी भारतीय राजनीति की आत्मा भटक रही है अपनी काया में प्रविष्ट होने के लिए।



आज का विषय जरा गरिष्ठ अवश्य है लेकिन है रुचिकर। आप इसमें गोता लगाइये, आपको आनंद की अनुभूति होगी। एक दशक से सत्ता से दूर कांग्रेस ने भस्मीभूत होने से पहले भारतीय राजनीति के पांच तत्वों की न केवल शिनाख्त कर ली बल्कि उन्हें अपनी भावी राजनीति की धुरी भी बनाने की कोशिश की है। कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र इस बात के संकेत देता है। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में पहली बार पांच न्याय और पच्चीस गारंटियों की बात कही गयी है। राजनीति के पांच तत्वों में 'गारंटी' का घालमेल सबसे पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 'मनरेगा' लाकर किया था। बाद में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को आतुर आज के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी ने गांधी की इस गारंटी को 'मोदी की गारंटी' में तब्दील कर दिया।

भारत की 77 साल की राजनीति में पंचभूतों का लौटना सुखद है। कांग्रेस सत्ता में वापस आये या न आये इससे कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं है। फर्क इस बात से पड़ने वाला है कि संविधान में दर्ज राजनीति के पंचभूत जीवित कैसे रहे ? कांग्रेस ने शायद इस दिशा में चिंतन किया है। कांग्रेस का दावा रहा है कि आजादी के बाद उसके राज में संवैधानिक मूल्यों और ढांचे का यथावत रखने की कोशिश होती रही है, लेकिन इस दौर में अब उन पर खतरा मंडरा रहा है। मसलन समानता के अधिकार को लेकर वह किसी भी तरह के भेदभाव को रोकने के लिए संविधान की अनुच्छेद 15-16 में विस्तार करेगी। वह संघवाद के जरिए संविधान में दिए राज्यों के अधिकारों के पक्ष में भी दिखी। दरअसल, पार्टी एनडीए सरकार पर सुव्यवस्थित तरीके से संघवाद के ताने-बाने को नष्ट करने का आरोप लगाती रही है। इसे दुरुस्त करने के लिए वह संविधान की 7वीं अनुसूची में विधायी क्षेत्रों के वितरण की समीक्षा की बात करती है। इसी तरह से कांग्रेस देश में हमारी संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर जोर देती दिखी। आपको शायद याद हो कि भारतीय राजनीति के पांच तत्वों में सम्प्रुभता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक और समानता को शामिल किया गया था। बाद में राजनीति की देह में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए कुछ और अवयव शामिल किये गए। आज की राजनीति में ये तमाम तत्व बाहर कर दिए गए हैं। संविधान के साथ ही सब कुछ खतरे में है। लेकिन इस निराशा के दौर में भी राजनीति मरी नहीं है। राजनीति हो रही है। लोग जेल जा रहे हैं, जेलों से बाहर भी आ रहे हैं, लेकिन राजनीति कर रहे हैं। कोई सन्यासी नहीं हुआ है। कांग्रेस अपने पंचतत्वों से ओतप्रोत चुनावी घोषणापत्र को देश के हर तीसरे घर तक पहुँचाने की कोशिश कर रही है। कोई 8 करोड़ घरों तक कांग्रेस को अपनी बात पहुँचना है। भाजपा अपनी बात हर दिन पहुंचती है, चाहे चुनाव हो या न हो। भाजपा के पास कांग्रेस से बड़ा और सु-संगठित संगठन भी है लेकिन भाजपा के पंचभूत में भी अब कांग्रेसी तत्व लगातार बढ़ रहा है। पिछले दस साल में भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने कांग्रेस के महाभ्रष्ट, और जनता द्वारा खारिज नेताओं को अपने दल में शामिल किया है। आज की भाजपा 1980 वाली भाजपा नहीं है। आज की भाजपा 2024 की भाजपा है, कांग्रेस युक्त भाजपा देश को कांग्रेस मुक्त कैसे कर पायेगी, ये कहना कठिन है। लेकिन मेरी चिंता कांग्रेस या भाजपा नहीं बल्कि भारतीय राजनीति के वे पंचभूत हैं जिनकी कमी की वजह से राजनीति लगातार त्रासद और अविश्वसनीय होती जा रही है। इस देश ने पिछले 77 साल में कांग्रेस को हासिये पर जाते देखा है, वामपंथ को सिमिटते देखा है। समाजवाद को खंड-खंड होते देखा है। ये देश दक्षिणपंथी विचारधारा को उन्नत होते हुए भी देख रहा है और मुझे यकीन है कि ये देश इस दक्षिणपंथ का पराभव भी देखेगा। क्योंकि आज की राजनीति में पंच तत्व नदारद हैं। ये देश किसी की गारंटी से आगे बढ़ेगा तो वो गारंटी केवल संविधान की हो सकती है। किसी मोदी या राहुल की नहीं हो सकती। मोदी और राहुल व्यक्ति हैं, संविधान नहीं। जो संविधान के इतर जाएगा उसकी रामलीला का पटाक्षेप देश की जनता कर देगी। ध्यान रखिये कि ये वो देश है जिसमें भक्त, अंधभक्त, देशभक्त, स्वामिभक्त पैदा तो होते हैं लेकिन पूजे वे ही जाते हैं जो संविधानभक्त होते हैं। अब देश के हर मतदाता की जिम्मेदारी है कि वो राजनीति के पंच तत्वों की शिनाख्त करे और उस दल के साथ खड़ा हो जो इन पंच तत्वों के संरक्षक नजर आते हों।


# क्या राहुल में मोदी को 2024 का बालाकोट मिल गया है ?

**- श्रवण गर्ग**

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

अपनी सरकार के खिलाफ व्याप्त जबर्दस्त एंटी-इंकम्बेंसी और चुनाव-प्रचार के दौरान संगठित विपक्ष के हमलों का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिस आक्रामक मुद्दे की लंबे अरसे से तलाश थी वह मिल गया लगता है ! तलाश किए जा रहे मुद्दे में सिर्फ. राहुल गांधी को ही निशाने पर लिया जाना था और वह मुमकिन नहीं हो पा रहा था। भाजपा में इस बारे में सोचा नहीं गया होगा कि तेलंगाना के असफल प्रयोग की तरह अगर नया दाव भी जनता के बीच नहीं चल पाया तो पार्टी क्या करेगी ?

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 31 मार्च को हुई विपक्षी गठबंधन की विशाल रैली में राहुल गांधी ने कहा था भाजपा अगर चुनावों में जीतकर संविधान बदलती है तो देश में आग लग जाएगी। जिस दिन संविधान खत्म होगा हिंदुस्तान नहीं बचेगा। यह संविधान की रक्षा वाला चुनाव है, राहुल ने कहा था।



मंगलवार (2 अप्रैल) को उत्तराखंड के रूद्रपुर में प्रधानमंत्री ने राहुल द्वारा दिल्ली की रैली में कहे गए शब्दों को बिलकुल नए और मतदाताओं को उत्तेजित कर सकने वाले अन्दाज में प्रस्तुत कर दिया। राहुल पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा : कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार भाजपा को चुना तो ( देश में ) आग लग जाएगी। साठ साल तक देश पर राज करने वाले दस साल सत्ता से बाहर क्या रह गए, देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सभा में उपस्थित लोगों से इस सवाल का जवाब देने का आह्वान भी किया कि क्या वे देश में आग लगने देंगे ? उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस का सफाया कर दें।

आश्चर्य भी व्यक्त किया जा रहा था कि रामलीला मैदान में दिए गए भाषण के दो दिन बाद तक भी प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी पर कोई सीधा आक्रमण क्यों नहीं किया ? मेरठ में तो उनकी सभा 31 मार्च को ही हो गई थी । उसमें भी उन्होंने आग लग जाएगी वाली बात को नहीं उठाया। निश्चित ही इसके लिए उत्तराखण्ड जैसी देवभूमि की तलाश रही होगी जहां उनके कहे को श्रोताओं ने समुचित सम्मान के साथ ग्रहण किया। भय व्यक्त किया जा सकता है कि उत्तराखण्ड का प्रयोग अब देश के अन्य स्थानों पर भी दोहराया जाएगा।

प्रधानमंत्री इसके पूर्व मुंबई के शिवाजी पार्क मैदान में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति पर 17 मार्च को हुई विपक्ष की रैली में राहुल द्वारा परिभाषित मोदी की असली शक्ति वाली बात को तेलंगाना की अपनी जनसभा में नारी शक्ति के अपमान के रूप में प्रस्तुत कर महिला मतदाताओं का समर्थन बटोरने की कोशिश कर चुके थे।

लोकसभा चुनावों को लेकर ताजा चिंताएँ यह हैं कि संपूर्ण विपक्ष ने संगठित होकर जिस तरह की चुनौती भाजपा के सामने पेश की है प्रधानमंत्री उसका मुकाबला लोकतांत्रिक तरीकों से ही करेंगे कि नहीं ? उत्तराखण्ड की सभाओं में उनके द्वारा दिये गए भाषण चिंताएँ बढ़ाने वाले हैं।

विपक्ष की चिंताओं में अब यह भी शामिल हो रहा है कि पराजय की स्थिति में प्रधानमंत्री संवैधानिक परंपराओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण तरीकों से सत्ता के हस्तांतरण के लिए अपने समर्थकों को राजी कर पाएँगे कि नहीं ? प्रधानमंत्री अथवा एनडीए के किसी घटक दल ने भी इस रहस्य का खुलासा नहीं किया है कि लोकसभा की कुल जमा 543 सीटों में अकेले उन्हें ही 400 कैसे मिल सकती हैं ? क्या कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष को केवल बची 143 अथवा उससे कम सीटें ही प्राप्त होंगी ? प्रधानमंत्री के दावों के पीछे कोई तो आधार होगा ? एकमात्र खुलासा जो कर्नाटक से भाजपा के सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने गलती से या जान-बूझकर किया और जिसकी कीमत उन्हें पार्टी-टिकिट से वंचित होकर उठानी पड़ी वह यह था कि 400 सीटों की जरूरत देश का संविधान बदलने के लिए है।

रामलीला मैदान की रैली में राहुल गांधी ने न सिर्फ.सीटों के मुद्दे पर ही मोदी को चुनौती दी यह भी बता दिया कि भाजपा को 400 के नारे के पीछे असली ताकत किन शक्तियों की है। राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा को सिर्फ. 180 सीटें मिलने वाली हैं और 400 सीटों का नारा इवीएम और मैच फिक्सिंग के दम पर दिया जा रहा है। इवीएम की विश्वसनीयता को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं के संबंध में ताजा जानकारी यही है कि वीवीपैट की सभी पर्चियों की गिनती पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से 17 मई तक जवाब माँगा गया है। मतों की गिनती 4 जून को होना निर्धारित है।

प्रधानमंत्री या उनके सहयोगियों में किसी ने इस संबंध में कोई संकेत नहीं दिया है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल विपक्षी गठबंधन के पक्ष में सड़कों पर उमड़ रहे व्यापक जन-आक्रोश का किस प्रकार मुकाबला करेंगे ? जिस तरह के सरकार-विरोधी मूड में देश की जनता इस समय है क्या वह अविश्वसनीय चुनाव परिणामों को आँखें बंद करके स्वीकार कर लेगी ?

आश्चर्यजनक है कि विपक्ष के खिलाफ हमले के लिए प्रधानमंत्री को राहुल के अलावा कोई दूसरा मुद्दा नहीं मिल रहा है । यह बताता है कि जनता के बीच उनकी बहु-प्रचारित चमत्कारिक छवि का जादू इस बार नहीं चल पाएगा । प्रधानमंत्री के लिए 2024 की लड़ाई राजनीतिक रूप से जीवन-मरण का प्रश्न बनती जा रही है। उनकी सफलता-असफलता के साथ पार्टी और संघ के भविष्य के अलावा निहित स्वार्थों के शक्तिशाली समूह का अस्तित्व भी जुड़ा हुआ है। सवाल यह है कि अपनी तीसरी पारी के लिए जिन मुद्दों को मोदी अपनी विजय का बालाकोट बनाना चाहते हैं क्या राहुल गांधी उसे बनने देंगे ?

# बंद हो किसी भी भारतवासी को 'बाहरी' उम्मीदवार बताना

**आर.के. सिन्हा**

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने और चुनाव प्रचार का काम प्रतिदिन गति पकड़ता जा रहा है। इसके साथ ही सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करते जा रहे हैं। संयोग से अभी तक किसी प्रत्याशी पर ह्यबाहरीह्ण उम्मीदवार होने का आरोप अभी तक नहीं लगा है। हालांकि, हमारे यहां किसी को भी बिना किसी कारण के बाहरी उम्मीदवार बता दिया जाता है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जब नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का फैसला किया था तो कांग्रेस के नेता उन्हें ह्यबाहरीह्ण बताने में लगे थे। इसी तरह अरुण जेटली के 2014 में अमृतसर से चुनाव लड़ने पर विवाद खड़ा हो गया था। उन्हें भी कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार कहा था। यह आरोप उस कांग्रेस के नेताओं ने लगाए थे जिस पार्टी ने देश के 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाहरी दिल्ली सीट से मलयाली सज्जन सी.कृष्ण नायर को अपना उम्मीदवार बनाया था। दिल्ली उन्हें गांवों का गांधी कहती थी। सी.कृष्ण नायर की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को स्थापित करने में अहम भूमिका रही थी। वे लोकसभा के 1957 में हुए चुनाव में भी जीते थे। जिस कांग्रेस ने नायर साहब को टिकट दिया था उसी ने 1957 के लोकसभा चुनाव में अंबाला में जन्मी बांग्ला परिवार से संबंध रखने वाली सुचेता कृपलानी को नई दिल्ली सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। सुचेता जी आगे चलकर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री भी बनीं।

सच में अपने ही देश में कोई बाहरी उम्मीदवार कैसे हो सकता है। सारा भारत हम सबका है। यहाँ हरेक भारतवासी नागरिक को कहीं भी रहने या कहीं से भी चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार है। तब किसी को बाहरी कहना हर लिहाज से निंदनीय है। सुचेता जी के पति और प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी आचार्य कृपलानी बिहार के भागलपुर और सीतामढ़ी से सांसद रहे। यानी एक सिंधी बिहार से सांसद बना।

अब जार्ज फर्नांडीज को लें। जार्ज साहब भले ही दक्षिण भारत से आते थे, पर बिहार उन्हें अपना मानता था और वे बिहार को अपना मानते थे। बिहार ने उन्हें तहेदिल से आदर भी दिया। उन्होंने भी बिहार को पूरी तरह अपना लिया था। वे भोजपुरी भाषा और मैथली भाषा भी मजेकी बोल लिया करते थे। जॉर्ज साहब को बिहार की जनता ने कई बार लोकसभा में भेजा। वह मुंबई से भी लोकसभा का चुनाव जीते। बिखरे बाल, बिना प्रेस किया हुआ खादी का कुर्ता-पायजामा, मामूली सी चप्पल पहनने वाले जार्ज साहब जैसा मजदूर नेता, प्रखर वक्ता, उसूलों की राजनीति करने वाले इंसान अब फिर से देश शायद ही देखेगा। वे चिर बागी थे। उनका कोई चुनावी जातीय समीकरण भी नहीं था । उनका कोई संगठित काडर भी नहीं था, फिर भी वह अंतरराष्ट्रीय हैसियत के नेता थे। इससे पूर्व भी 1962 और 1967 में बिहार ने मराठी मधु लिमये को लोकसभा में बार-बार भेजा। वह जब संसद में होते थे, तो सत्तापक्ष को डर सताता रहता था कि कब उनपर तीखे सवालों की बौछार हो जाएगी। बिहार की राजनीति की बात मधु लिमये के ज़िक्र के बिना पूरी नहीं हो सकती। वह मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता, उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई, वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। उन्होंने जब राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार ही चुना। पहली बार वो 1962 में मुंगेर से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में, सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी थी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। 1967 के चुनावों में, लिमये ने यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर मुंगेर से जीत हासिल की। 1973 में, लिमये ने बिहार के बांका से चुनाव जीता। किसी को अपने ही देश में बाहरी कह कर अपमानित करना सही नहीं है। कानपुर से एस.एम.बैनर्जी लंबे समय तक सांसद बनते रहे। वह बांग्लाभाषी थे और बंगाल से कानपुर में आकर बसे थे। वह मजदूर नेता थे। अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए।

# मजबूत लोकतंत्र को सबकी भागीदारी जरूरी: एनपी सिंह

## राजापुर मे स्वीप संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर कस्बे में लोकसभा चुनाव को जारी स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता नगर पंचायत राजापुर में 12 मतदेय स्थल में दस मतदेय स्थल, जिनमें 2019 में 55 फीसदी से कम मतदान हुआ था। उन मतदेय स्थलों पर नोडल अधिकारी/खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह की अगुवाई में सहनोडल अधिकारी/ईओ राजापुर बीएन कुशवाहा ने बीएलओ के साथ बूथों में जागरूकता कार्यक्रम किये।

रविवार को बीएलओ, नगर पंचायत के कर्मचारी, शिक्षकों ने टोली बनाकर 237 विधानसभा मानिकपुर के भाग संख्या एक से लेकर 12 तक नगर पंचायत के मतदान केंद्र में भाग संख्या एक व 11 छोड़कर सभी दस बूथों पर लोकसभा चुनाव 2019 में 55 फीसदी से कम मतदान हुआ था। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सब की भागीदारी जरूरी है। सभी लोग लोकतंत्र के महापर्व पर अधिक से अधिक मतदान कर लोकसभा चुनाव को सफल बनायें। 23 मार्च से वह लगातार टीम के साथ क्षेत्र में प्रतिदिन घर-घर दस्तक अभियान चलाकर मतदाताओं को 20 मई को होने वाले मतदान महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित कर रहे हैं। 75 फीसदी मतदान सुनिश्चित करने को जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को लूडो गेम से व निर्वाचन आयोग के बताये अन्य प्रचार सामग्री से जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता विभिन्न माध्यमों से समय-समय पर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 20 मई तक चलेगा।



मतदान को जागरूक करते एनपी सिंह आदि।

नोडल अधिकारी/खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि संपूर्ण टीम लोकसभा चुनाव में नगर पंचायत राजापुर के सभी मतदान केन्द्रों पर 75 फीसदी से अधिक मतदान को कटिबद्ध है। मतदाता जागरूकता में विभिन्न प्रचार-प्रसार सामग्री का सहारा लिया जा रहा है। शिक्षकों व बच्चों से विकासखंड रामनगर के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता किया जा रहा है। इस मौके पर सभी बूथों के बीएलओ, आंगनबाड़ी, शिक्षक व नगर पंचायत राजापुर कर्मी मौजूद रहे।

# महंगाई की मार: बढ़ती स्कूल फीस से कराहता अभिभावक

## आसान नहीं है छोटे बच्चों को अच्छे स्कूल में पढाना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मौजूदा समय में बच्चों को पढ़ाना आसान नहीं है। मां-बाप की पूरी कमाई स्कूल फीस भरने में निकल जाती है। हर मां-बाप का सपना होता है कि वह बच्चे को अच्छे स्कूल में पढ़ायें। इसी से प्राइवेट स्कूल की फीस आसमान छू रही है। स्कूलो में शिक्षण शुल्क समेत लगने वाले अन्य शुल्क बिल्डिंग मेंटिनेस, गेम्स, विज्ञान प्रदर्शनी, लाइब्रेरी चार्ज, एक्टीविटीज जैसे कई शुल्क वसूले जाते हैं।

रविवार को छोटे बच्चों की स्कूल फीस से आम नागरिक कराहता हुआ दिखा। बच्चों की ट्यूशन फीस, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, स्कूल बस-टैक्सी आदि में होने वाले खर्चों से अभिभावक की कमर टूट जाती है। आम आदमी की साल भर की कमाई से कहीं ज्यादा स्कूल फीस भरने में गुहार मार देता है। विद्यालयों के पठन-पाठन स्तर की जिम्मेदारी विद्यालयों की नहीं, कोचिंग का दबाव भी अभिभावक पर पड़ता है। विद्यालय सिर्फ रंग-रोगन, बिल्डिंग आदि पर फोकस करता है। बेहतर शिक्षण बनाने को तमाम प्रयासों का दिखावा लक्ष्य से कोसों दूर है। सरकारी स्कूलों में सरकार का अंकुश नहीं, शिक्षकों का वेतन प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों से दोगुने से चार गुना होने के बाद भी शिक्षा भगवान भरोसे रहती है। सबसे बड़ा कारण ये है कि शिक्षकों के खुद के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं। शिक्षकों की गुणवत्ता का आंकलन इससे किया जा सकता है। सरकार सभी सरकारी नौकरियों में कार्यरत एवं खादीधारियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिले का कानून सख्ती से बनाकर पालन करायें तो सरकारी विद्यालयों की काया रातों-रात पलट सकती है। ये संभव नहीं, सबसे अधिक परेशानी मध्यम वर्गीय अभिभावकों को होती है। जब खुद के ऊपर आर्थिक चोट आती है, तब वह कराहता है।

### मारकुण्डी पुलिस ने अवैध ढुलान करते एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध खनन व ढुलान पर रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा इंदल यादव की टीम ने ननकू यादव पुत्र खगेश प्रसाद यादव छेरिहाखुर्द को अवैध खनन करते बिना नम्बर के टैक्टर ट्राली पर पत्थर लादकर ढुलान करते गिरफ्तार किया।रविवार को पत्थर ढुलान करते आरोपी को गिरफ्तार किया। उस पर थाने में चोरी, माल बरामद व खनिज अधिनियम के तहत लोक सम्पति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टैक्टर ट्राली को सीज किया। टीम में दरोगा इंदल यादव, सिपाही लालू यादव व बब्बू राजा शामिल रहे।

# 16 वर्ष से फरार ईनामी तमंचा समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की टीम ने 16 वर्षों से फरार दस हजार रुपये के इनामी दिनेश कुमार पुत्र स्व छोटेलाल पाण्डेय हिनौता थाना शंकरगढ़ जिला प्रयागराज हाल पता कोहडार घाट थाना मेजा जिला प्रयागराज को तमंचा- कारतूस समेत दबोचा है। रविवार को पुलिस ने 16 वर्षों से फरार दस हजार रुपये के ईनामी दिनेश कुमार पुत्र स्व छोटेलाल को गिरफ्तार किया। उसका अच्छा खासा आपराधिक इतिहास है। टीम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य, दरोगा पवन कुमार प्रधान, दरोगा राजेश कुमार यादव, सिपाही आशीष कुमार, आकाश कुमार, महिला सिपाही रुचि वर्मा शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में ईनामी बदमाश।

# बगलई में विकास कार्यों के नाम ठेकेदार ने लूटे लाखों

## प्रधान-सचिव ने जमकर की लूट, चहेते ठेकेदार पर कब होगी कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के बगलई गांव में विकास कार्यों के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। प्रधान-सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों में सरकारी धन की लूट हुई है।

रविवार को बगलई गांव के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। बताया गया कि सामुदायिक शौचालय निर्माण में 146435 व 35914 रुपये खगेंद्रचार्य के नाम भुगतान हुआ। मजदूरी भुगतान 10920 अंजनी मिश्रा के नाम पर हुआ। सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य की हकीकत सामने आई है। समय से पहले जर्जर हो गया है। हैंडपंप रीबोर के नाम बड़ा खेल हुआ है। अभिलाष के पास हैंडपंप रीबोर 71628 रुपये, नत्थू यादव के पास हैंडपंप रीबोर 70405 रुपये, रणविजय के पास हैंडपंप रीबोर 72453 रुपये व रामहित के पास हैंडपंप रीबोर का भुगतान 71628 रुपये निकाला है। हैंडपंप रीबोर के भुगतान अग्रहरि एंड संस के नाम हुए हैं। जबकि हैंडपंप चालू है। फिर भी रीबोर के नाम सरकारी धन की लूट हुई है। शिवचरण के घर से पंचायत भवन की ओर मोरमीकरण में 168690 रुपये प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम भुगतान हुआ। कोटेदार के घर से पंचा के घर तक नाली निर्माण में 186420, 90430, 78863 रुपये का सामग्री भुगतान हुआ। मजदूरी व ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी ढुलाई में 103012 व 20542 रुपये का भुगतान अग्रहरि एंड संस के नाम हुआ। पुलिया से हैंडपंप तक मोरमीकरण में 169361 व 25908 रुपये प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम हुए। राममूरत के घर से शिवभजन के घर होते हुए शंकरजी मन्दिर तक नाली निर्माण का भुगतान 231072, 66608, 55160, 23,911, 10200 व 59988 रुपये प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम हुए हैं। पुलिया से राजाराम के घर तक नाली निर्माण में 322221, 33077, 55132, 6176 रुपये व नाली निर्माण में मजदूरी भुगतान 72012 हुए हैं। ये भुगतान भी प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम किये गये हैं।

गौशाला में चरही निर्माण की सामग्री का भुगतान 67514, 224700 रुपये अग्रहरि एंड संस के नाम हुए हैं। मजदूरी 12446 रुपये का भुगतान रामआसरे के नाम हुआ है।

बलदेव के घर से महावीर के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण का भुगतान 152033 रुपये व रामआसरे के घर से पन्नू के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण 61770 रुपये मे रंजीता अग्रवाल के नाम हुए हैं। राजाराम के घर से नीम तक नाली निर्माण का भुगतान 7987, 38824, 43006, 79342, 43281 रुपये प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम हुए हैं। सुरिजपाल के घर से मास्टर के घर तक नाली निर्माण का भुगतान 36262 व 34132 रुपये व सुरिजपाल के घर से दरबारीलाल के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण 251192 प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम हुए हैं। नाली एवं इंटरलाकिंग निर्माण 261187 व 299088 रुपये का भुगतान प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम हुए हैं। सामग्री भुगतान के नाम पर 47790 रुपये न्यू अग्रहरि पाइप एंड सेनेटरी स्टोर के नाम हुए हैं। हैंडपंप मरम्मत सामग्री के नाम मनमानी ढंग से सरकारी धन का बंदरबांट हुआ है। 50152 रुपये राजेश मशीनरी स्टोर, 74592 रुपये अग्रहरि एंड संस, 49437, 25000, 32000 व 55028 रुपये का भुगतान लैना बाबा ट्रेडर्स के नाम किये हैं। 25665 व 11872 रुपये का भुगतान हेमलता ट्रेडर्स के नाम किये हैं। बगलई के प्रधान व सचिव ने विकास कार्यों के नाम पर सबसे ज्यादा भुगतान प्रदीप कुमार अग्रवाल व अग्रहरि एंड संस के नाम किये हैं। ठेकेदार ने विकास कार्यों के नाम पर जमकर खेल किया है। बगलई में तैनात सचिव संतोष कुमार के चहेते ठेकेदार प्रदीप कुमार अग्रवाल के नाम भुगतान होने से दोनों की भूमिका संदिग्ध है। सचिव संतोष कुमार के सभी स्थानों पर तैनाती वाले गांवों में प्रदीप कुमार अग्रवाल ही ठेकेदार होते हैं। इनके निर्माण कार्य बेहद घटिया होते हैं। जिला प्रशासन बगलई के विकास कार्यों व ठेकेदार के नाम फर्जी भुगतान व गुणवत्ताविहीन कार्यों की जांच कब करायेगा।

# सहभागिता से साफ होगा कचरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने 110वां स्वच्छता अभियान चलाया। कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का मूल उद्देश्य आसपास की सफाई करना नहीं है, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से माहौल कचरा मुक्त बने। ये प्रयास किये जा रहे हैं।

रविवार को भगवान राम की कर्मस्थली होने से कामतानाथ पर्वत पर्यटन की दृष्टि से बड़ा नाम है। इस क्षेत्र को साफ-सुथरा रहना चाहिए। कामदगिरि स्वच्छता समिति नगर पालिका के प्रयास से स्वच्छ कर रही है। अभियान चलने से काफी हद तक कचरे से मुक्ति मिल रही है। कामतानाथ पर्वत के इस अभियान में कृष्णा शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमानदास, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा व नगर पालिका की टीम शामिल रही।



साफ-सफाई करते कर्याकर्ता।

# पांच पर गुण्डा-चार पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले पांच लोगों पर गुण्डा व चार पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।रविवार को कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने वीरेन्द्र पुत्र जागेश्वर, जानकीशरण पुत्र शिवभवन, धर्मेन्द्र, धीरेन्द्र पुत्र जागेश्वर निवासी कालूपुर पाही, शिवनन्दन उर्फ रामविलास पुत्र बोड़ीलाल बालापुर खालसा पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने लल्लू यादव पुत्र उमाशंकर बड़ातीर सरैंया, जवाहरलाल पुत्र रामपाल सिगवा कोटा कंदैला, प्रशांत कुमार पुत्र नर्वदा प्रसाद चमरौंहा, बलराम उर्फ लल्लू पुत्र रामनरेश उर्फ मुन्ना गांधीनगर कस्बा मानिकपुर पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## चार के कब्जे से 106 लीटर महुआ-17 क्वार्टर शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 106 लीटर महुआ शराब व 17 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। रविवार को राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने कुलदीप सिंह पुत्र दरोगा बरुआ के कब्जे से 101 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा कालीदीन यादव ने पुष्पेन्द्र पुत्र श्यामलाल सुदिनपुर के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा मातादीन ने बुन्देला पुत्र रामाध्वज, पुष्पेन्द्र पुत्र सोमदत्त रइयापुरवा मजरा गढ़ीघाट के कब्जे से दो-दो लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

# दो तमंचे-कारतूस समेत दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा रामकृत यादव की टीम ने अनिल पुत्र राजमन निषाद बेलहा मजरा बरियारीकला को एक तमंचा 12 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रामकृत यादव, दीवान इकरार अहमद व सिपाही सौरभ राजपूत शामिल रहे।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा इंदल यादव ने रामबाबू कोल पुत्र सीताराम कोल करौंहा के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। रामबाबू का अच्छा खासा आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा इंदल यादव, सिपाही लालू यादव व बब्बू राजा शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में तमंचाधारी।

# अमावस्या पर्व पर साफ-सुथरा मिलेगा पुलघाट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सोमवती अमावस्या पर्व पर बुंदेली सेना की मांग पर सिंचाई विभाग ने नाव लगाकर पुलघाट कर्वी में मंदाकिनी नदी की सफाई कराई। बड़ी मात्रा में नदी में तैर रही काई व गंदगी को नदी से बाहर निकाला। घाटों के आसपास विधिवत सफाई हुई।रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पुलघाट कर्वी के आसपास नदी में गंदगी का अम्बार लगा था। सोमवती अमावस्या के मद्देनजर सिंचाई विभाग से नाव लगाकर सफाई कराने का अनुरोध किया था। सिंचाई विभाग ने नाव व टीम लगाकर रविवार को सवेरे छह बजे से सफाई अभियान शुरु किया। सबसे पहले नदी में तैर रही काई व गंदगी को छानकर बाहर निकाला। पुलघाट से लेकर बजरंग आश्रम के बीच काई से नदी बेदम नजर आ रही थी। सघन सफाई अभियान से नदी यहां साफ नजर आने लगी। अमावस्या में पुलघाट में भी लोग डुबकी लगा सके। अभियान जारी रहा। सिंचाई विभाग की नाव में बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह भी लगातार सफाई अभियान में मुस्तैद रहे। अगले एक-दो दिन तक नदी में सफाई अभियान जारी रहेगा, ताकि ये घाट पूरी तरह स्वच्छ हो सके। पुल की जाली से पालीथिन में भरकर पूजन सामग्री फेंकने वाले मानने को तैयार नहीं हैं। रोज दर्जनों थैलियां नदी में गिरती हैं। विभिन्न तरीकों से धर्मभीरु लोग नदी में प्रदूषण कर रहे हैं। लोग चेत नहीं रहे। नदी दिनोदिन अस्तित्व खोती जा रही है। नगर पालिका ने भी सफाई कर्मी भेजकर घाट की सीढ़ियों की सफाई कराई।



नदी की सफाई करते बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष।

### मानिकपुर वासी पेयजल को परेशान, कूड़े के ढेर में फंसा हैण्डपम्प

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** नगर पंचायत क्षेत्र के तकरीबन हर मोहल्ले में पेयजल संकट गहरा गया है। मोहल्लेवासी खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। गर्मी की दस्तक होते ही कई मोहल्लों मे पेयजल संकट खडा हो गया है। रविवार को नगर पंचायत के ज्यादातर हैण्डपम्प खराब होने से पेयजल स्थिति गंभीर हो गई है। नगर के गोविन्दनगर, बाल्मीकिनगर पूर्वी, पश्चिमी, सुभाषनगर, शिवनगर समेत अन्य मोहल्लों के ज्यादातर हैण्डपम्प खराब हैं। पेयजल का घोर संकट है। हैण्डपम्प की तस्वीर कूड़े के ढेर में है, ये सुभाषनगर ऊंचाडीह मेनरोड का है। ये हैण्डपम्प बेबसी पर आंसू बहा रहा है। इस हैण्डपम्प से हजारों राहगीर व मोहल्लेवासियों के लिए पेयजल का बड़ा सहारा था। संबन्धित विभाग की लापरवाही से नगर के कई मोहल्लों मे पेयजल को लोग परेशान हैं। सम्बन्धित विभाग कुम्भकर्णी नींद से कब जागेंगे। नगरवासियों को कब पेयजल मिलेगा।




उपवास करते आप कार्यकर्ता।

# केन्द्र को दें सद्बुद्धि-केजरीवाल को करें रिहा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर आप ने शहीद स्मारक कर्वी एलआईसी चैराहे पर एक दिवसीय मंडलीय उपवास जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला की अध्यक्षता में किया। रविवार को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भगवान कामतानाथ से प्रार्थना किया कि केंद्र सरकार को सद्बुद्धि दें, ताकि बेवजह जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को रिहा करें, लोकतंत्र की रक्षा करें। केंद्र सरकार ने सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराया-धमकाया जा रहा है। उन्हें जेल भेजा जा रहा है। जनमानस में भय का माहौल है। लोग अपनी बात खुलकर नहीं कह पा रहे। इसी के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने एक दिवसीय मंडलीय उपवास किया।

इस मौके पर प्रांत महासचिव अंकित सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष हमीरपुर मनीष गुप्ता, पंचायत प्रकोष्ठ हमीरपुर अनिल कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, नर्वदा प्रसाद यादव, दिनेश सिंह पटेल, जितेन्द्र गोयल, श्यामबाबू त्रिपाठी, लवलेश केसरवानी, डॉ रमाकांत गुप्ता, अनुरुद्ध सिंह यादव, प्रेमचन्द्र सिंह पटेल, राजबहादुर साहू, शिवप्रकाश सिंह, आलोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# विस्तारा के सीईओ ने कहा- 98 फीसदी से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि 98 फीसदी से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस महीने के अंत तक परिचालन स्थिर होने की उम्मीद है।

दरअसल, विस्तारा को चालक दल की अनुपलब्धता की वजह से इस सप्ताह की शुरूआत में परिचालन में व्यवधान का सामना करना पड़ा और कई उड़ानें रद्द कर दी गई। पिछले कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा के उड़ानों पर दिखा। नए अनुबंध के विरोध में पायलटों के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण विस्तारा ने 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी। वहीं, नागर विमानन महानिदेशालय




(डीजीसीए) ने एक दिन पहले ही कंपनी को उड़ानों के रद्द और देरी होने पर एक दैनिक रिपोर्ट देने के लिए कहा था।

उल्लेखनीय है कि विस्तारा टाटा के स्वामित्व वाली भारतीय घरेलू एयरलाइंस है जिसका मुख्य कार्यालय गुड़गांव, हरियाणा में स्थित है। वहीं, इसका मुख्य आधार केंद्र इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली है।

## नेपाल : अवांछित गतिविधि में शामिल 10 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों की धर-पकड़ तेज हो गई है। भारत-नेपाल सीमा पर दो पाकिस्तानी और एक कश्मीरी आतंकवादी की गिरफ्तारी के बाद नेपाल पुलिस सख्त रवैया अपना रही है।

पिछले तीन दिनों में यह दूसरी बार है जब पुलिस ने गैर कानूनी गतिविधि में शामिल होने के आरोप में पुलिस ने 10 बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर सभी वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद नेपाल में चोरी छिपे रहकर अवांछित गतिविधि में शामिल होने का आरोप है। दो दिन पहले ही काठमांडू पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। उनसे की गई पूछताछ के बाद ही काठमांडू के कई स्थानों पर छापामारी कर इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

काठमांडू पुलिस क्राइम ब्रांच के एसपी रवीन्द्र रेग्मी ने बताया कि गिरफ्तार होने वालों में अनिसुर रहमान, अबदुल्लाह, इमामुल हुसेन, हाफिजुर रहमान, सोजिब हुसैन, शैफुल इस्लाम, बिलाल हुसैन, सलिम अंसारी, नासिरूद्दीन और नासिन खान हैं। एसपी ने बताया कि इन सभी को इमीग्रेशन की हिरासत में रखा गया है। साथ ही इनके नेटवर्क के बारे में पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है।

## गजा के अल-शिफा अस्पताल का जायजा लेने वाली डब्लूएचओ टीम की रिपोर्ट, खाक में बदला अस्पताल

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के मिशन ने गजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा का दौरा कर वहां की ताजा स्थिति का जायजा लिया। मिशन ने पाया कि कभी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ रहा यह सबसे बड़ा अस्पताल खाक में बदल चुका है और वहां कई शव पड़े मिले।

उल्लेखनीय है कि दो सप्ताह के सैन्य ऑपरेशन के बाद इजराइली सुरक्षा बल गजा सिटी के अल-शिफा अस्पताल से बाहर आए थे। जिसके बाद शुक्रवार को काफी कोशिशों के बाद डब्लूएचओ का मिशन अस्पताल में दाखिल हो पाया।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनहोम गेब्रेयासिस ने एक्स पर ट्वीट कर अस्पताल के हालात की जानकारी देते हुए बताया है कि डब्ल्यूएचओ और उसके सहयोगी अल-शिफा पहुंचने में कामयाब रहे जो कभी गजा के स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ था। ताजा घटनाक्रम के बाद ये इंसानों की कब्रों का खंडहर है। अस्पताल कॉम्प्लेक्स का अधिकतर हिस्सा नष्ट हो चुका है और ज्यादातर सामान खाक में बदल चुके हैं। डब्लूएचओ टीम को मिशन के दौरान कम-से-कम पांच शव मिले।

टेड्रोस ने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा है कि पिछले साल अस्पताल पर इजराइल के पहले हमले के बाद अल-शिफा में बुनियादी सेवाओं को पुनर्जीवित करने के डब्ल्यूएचओ और अन्य सहायता समूहों द्वारा किए गए प्रयास बेकार हो गए हैं और लोग एक बार फिर जीवनरक्षक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो गए हैं। टेड्रोस ने कहा कि गाजा में तत्काल कार्यवाही की जरूरत है क्योंकि अकाल मौत का खतरा मंडरा रहा है, बीमारी फैल रही है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, गाजा के 36 मुख्य अस्पतालों में से केवल 10 आंशिक रूप से कार्य कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर को हमास आतंकवादियों के इजराइल पर भीषण हमले के बाद गजा युद्ध की शुरूआत हुई। हमास आतंकियों के हमले में दक्षिणी इजराइल में 1,170 लोगों की मौत हुई थी और करीब 250 लोगों को बंधक बनाया। हमास को नष्ट करने की कसम खाते हुए इजराइल इस क्षेत्र पर लगातार बमबारी कर रहा है जिसमें अबतक कम से कम 33,137 लोग मारे गए हैं

# नेपाल : सत्ता के साझेदार दलों को गृहमंत्री की चेतावनी, मंत्रालय में हस्तक्षेप स्वीकार नहीं

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता में साझेदार दलों के बीच एक महीने के भीतर मतभेद उभरने लगे हैं। प्रचण्ड सरकार को समर्थन देने वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष तथा उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने ने प्रधानमंत्री प्रचण्ड एवं एमाले अध्यक्ष ओली को अप्रत्यक्ष रूप से उनकी पार्टी को मिले मंत्रालयों में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी है।

रवि लामिछाने ने पुलिस विभाग में पिछले सप्ताह हुए कुछ प्रमोशन, ट्रांसफर और पोस्टिंग में प्रधानमंत्री प्रचण्ड और सत्तारूढ़ गठबन्धन में शामिल नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के हस्तक्षेप को आगे बर्दाश्त नहीं किए जाने की बात कही है। एक वीडियो जारी कर हुए गृह मंत्री रवि लामिछाने ने कहा कि पिछले हफ्ते पुलिस एसपी के प्रमोशन में जिस तरह से उनके कार्य के मूल्यांकन को दरकिनार करते हुए नेताओं की पहचान के आधार पर प्रमोशन किया गया, उसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। लामिछाने का दावा है कि उनके गृह मंत्रालय संभालने से पहले ही इस प्रमोशन की लिस्ट तैयार हो गई थी। लेकिन मीडिया में जिस तरह से उनकी आलोचना की गई और उनकी निर्णय क्षमता पर सवाल खड़ा किया गया, उसके बाद वो यह वीडियो जारी करने के लिए मजबूर हुए।

दरअसल पिछले सप्ताह नेपाल पुलिस के पांच एसपी का प्रमोशन किया गया जिसमें ना तो वरिष्ठता का ख्याल रखा गया और ना ही कार्य मूल्यांकन को आधार बनाया गया। वरियता और कार्य मूल्यांकन के आधार पर चार नंबर और पांच नंबर पर रहे पुलिस अधिकारी को एक नंबर और दो नंबर पर प्रमोट कर दिया गया। मीडिया ने इस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री प्रचण्ड और एमाले अध्यक्ष के पी शर्मा ओली के पीएसओ होने के कारण पहले से लेकर तीसरे नंबर तक के अधिकारियों को नीचे धकेलते हुए चौथे और पांचवें नंबर के अधिकारियों का प्रमोशन किया गया है।

इसकी व्यापक आलोचना होने के बाद सफाई देते हुए गृहमंत्री रवि लामिछाने ने कहा कि आगे से उनके मंत्रालय या उनकी पार्टी को मिले अन्य मंत्रालय में प्रधानमंत्री या किसी अन्य सत्तारूढ़ दल के नेता का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने वीडियो संदेश में बताया कि उनकी पार्टी कुछ काम करने और परिणाम दिखाने के लिए सरकार में शामिल हुई है। अगर उनको काम नहीं करने दिया गया या फिर उनके मंत्रालय के कामों में हस्तक्षेप किया गया तो उनकी पार्टी इस सत्ता समीकरण से बाहर निकलने में भी पीछे नहीं हटेगी।

## हमास के खिलाफ इजराइल युद्ध के 6 माह पूरे, चुनाव की मांग को लेकर नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन तेज, आज येरूशलम में रैली

**तेल अवीव।** गाजा में हमास के खिलाफ छह माह से चल रहे इजराइल युद्ध के बीच शनिवार को बड़ी संख्या में इजराइल के नागरिकों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नेतन्याहू के इस्तीफे और देश में जल्द चुनाव की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने हमास की तरफ से बंधक बनाए लोगों की रिहाई का आह्वान किया। प्रदर्शनकारी रविवार को फिर सड़कों पर उतरेंगे और येरूशलम में रैली निकालने योजना बनाई गई है।

गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध रविवार को सातवें महीने में प्रवेश कर गया। इसके साथ ही नेतन्याहू सरकार का विरोध तेज हो रहा है। शनिवार को एकबार फिर बड़ी संख्या में लोगों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अब जल्द चुनाव की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर राजधानी सहित कई दूसरे शहरों में रैलियां आयोजित कर नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी की। ऐसी ही एक रैली में इजराइल के विपक्षी नेता येर लैपिड ने हिस्सा लिया और प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जबतक हम उन्हें घर नहीं भेजेंगे, वे इस देश को आगे नहीं बढ़ने देंगे।

इजराइल के आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले में दक्षिणी इजराइल में 1,170 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकांश आम नागरिक थे। जबकि हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमास के खिलाफ इजराइल के जवाबी हमले में गाजा में कम से कम 33,137 लोग मारे गए हैं।

7 अक्टूबर को आतंकवादियों ने लगभग 250 इजराइलियों और विदेशी नागरिकों को बंधक बना लिया था। सेना का कहना है कि 129 लोग अभी भी गाजा में बंद हैं, जिनमें 34 लोग शामिल हैं जिन्हें मृत मान लिया गया है।

## पाकिस्तान में 2 अलग-अलग ऑपरेशन में 10 आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग ऑपरेशनों में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। मीडिया ने शनिवार को अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पहले ऑपरेशन में "धुआंधार गोलीबारी के बाद आठ आतंकवादी मारे गए"। उन्होंने कहा कि ये आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों की हत्या में भी सक्रिय रूप से शामिल थे।

आईएसपीआर के बयान में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, आईएसपीआर ने आगे कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान में दूसरा ऑपरेशन भी चलाया गया।

रिपोर्ट में कहा गया, "इस ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उनके पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।"

# नेपाल के विपक्षी नेताओं का सत्ता समीकरण जल्द ही बदलने का दावा

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता गठबंधन में परिवर्तन को अभी एक महीना भी नहीं हुआ है कि प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की तरफ से जल्द ही प्रचण्ड सरकार के गिरने और नया सत्ता समीकरण बनने का दावा किया गया है।

नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला ने विराटनगर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी के शीर्ष नेता लगातार नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के संपर्क में हैं और उपचुनाव के बाद सत्ता समीकरण बदलने को लेकर लगभग सहमति हो गई है। डॉ. कोइराला ने कहा कि इस देश में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक सुदृढ़ता के लिए कांग्रेस और एमाले का एक साथ आना बहुत जरूरी है। राजनीतिक अस्थिरता के कारण ही देश में विकास कार्यों में बाधा आ रही है और सरकारी कर्मचारी अपनी मनमानी करने में लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि ओली के साथ कांग्रेस की सत्ता यात्रा की शुरूआत जल्द होने वाली है।

इसी तरह कांग्रेस पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में कांग्रेस और एमाले के बीच सत्ता गठजोड़ की प्रबल संभावना जताई है। गगन थापा ने कहा कि दो प्रमुख दल जिसके पास 90 और 78 सीटें है, ये दोनों दल चुनाव के डेढ़ साल बाद भी सत्ता का नेतृत्व नहीं पाए और 32 सीटों वाले माओवादी, इन दोनों दल के साथ बारी-बारी से समर्थन लेकर अपनी सरकार चला रहा है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड को एक अस्थिर नेता बताते हुए कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि प्रचण्ड की अस्थिर राजनैतिक चरित्र का खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ रहा है। पिछले आमचुनाव के बाद प्रचण्ड सिर्फ सत्ता समीकरण ही बदल रहे हैं, जिसके कारण बाकी विकास कामों में सरकार का ध्यान नहीं है। थापा ने कहा कि एमाले की तरफ से संकेत मिलते ही छोटे दलों के दबाब की ताकत खत्म हो जाएगी और कांग्रेस-एमाले मिलकर सरकार चलाएंगे।

इन दोनों नेताओं की तरह कांग्रेस के एक और प्रभावशाली नेता डॉ. शशांक कोइराला ने तो बजट तक सरकार परिवर्तन का दावा कर दिया है। उन्होंने एक पत्रकार समेलन में कहा कि कांग्रेस और एमाले के बीच बजट से पहले सरकार बदले या बजट के बाद, इसे लेकर चर्चा चल रही है। डॉ. शशांक का दावा है कि एमाले अध्यक्ष ओली ने मजबूरी में प्रचण्ड सरकार को समर्थन दिया है।

कांग्रेस के इन दावों को लेकर एमाले पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली कई बार इस सरकार को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने सत्ता में अपने सहयोगी दल माओवादी और एकीकृत समाजवादी के शीर्ष नेतृत्व की आलोचना शुरू कर दी है। लेकिन साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं को एक महीने तक के लिए कोई विरोध नहीं करने का निर्देश दिया है। पार्टी सूत्रों की मानें तो ओली और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बीच कई चरण की बातचीत हो चुकी है। बस सही समय का इंतजार है।

## यूक्रेन पर रूसी हमलों में 10 की मौत, दर्जनों घायल



**कीव।** पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को ये जानकारी दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापोरीज़िया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि दक्षिणी शहर जापोरीज़िया में मिसाइल हमलों में चार लोग मारे गए और 23 घायल हो गए।

फेडोरोव ने एक बयान में कहा, हमले में 24 निजी घरों और नौ अपार्टमेंट ब्लॉक सहित 40 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

इसके अलावा, खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव के अनुसार, यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए।

तेरेखोव ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि हमले में उत्तरी शेवचेनकिवस्की जिले के आवासीय इलाकों को निशाना बनाया गया जिसमें नौ अपार्टमेंट, तीन शयनगृह, दो किंडरगार्टन, दो स्कूल और एक गैस स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गया।

यूक्रेनी वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशुक ने कहा कि रूस ने रात भर यूक्रेन पर छह मिसाइलें और 32 लड़ाकू ड्रोन लॉन्च किए।

उनके मुताबिक, तीन मिसाइलों और 28 ड्रोन को इंटरसेप्ट किया गया है।

कीव क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने कहा, "कीव को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।"

## रूस ने जापोरीज़िया परमाणु संयंत्र पर हमले के प्रयासों के खिलाफ चेताया

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों को जापोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) पर हमला करने या स्थिति को अस्थिर करने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को कहा, "हम आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) से मामले की जांच का आग्रह करते हैं। इसके लिए संयंत्र के विशेषज्ञों की मदद ली जा सकती है।"

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने संयंत्र की प्रेस सेवा के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि हाल के दिनों में जापोरिज़िया परमाणु केंद्र के आसपास कई यूक्रेनी सैन्य ड्रोन देखे गए। हालांकि संयंत्र को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# एलन मस्क को पछाड़ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स बने जुकरबर्ग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। जुकरबर्ग ने टेस्ला के मालिक एलन मस्क को पीछे छोड़ कर 2020 के बाद पहली बार यह स्थान हासिल किया है। वहीं, फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 223 अरब डॉलर (18.57 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की शनिवार को जारी ताजा सूची के अनुसार मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति 2020 के बाद पहली बार उछल कर 187 अरब डॉलर (15.57 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) हो गई है। वहीं, एलन मस्क की कुल संपत्ति 181 अरब डॉलर (15.07 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) है। इस तरह एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर लोगों की



सूची में अब चौथे स्थान पर आ गए हैं, जबकि मस्क को पछाड़ कर जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। हालांकि, मार्च की शुरूआत में मस्क इस सूची में पहले पायदान पर थे।

ब्लूमबर्ग की सूची के मुताबिक इस साल एलन मस्क की नेटवर्थ में 48.4 बिलियन डॉलर (4.03 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) की गिरावट आई है, जबकि मार्क जुकरबर्ग ने अपनी संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर (4.90 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) जोड़े हैं। वहीं, भारत का कोई भी शख्स बिलेनियर की इस सूची में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी 112 अरब डॉलर (करीब 9.32 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं। वहीं, गौतम अडाणी सूची में 104 अरब डॉलर (8.66 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 14वें नंबर पर हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति के आधार पर दैनिक रैंकिंग करता है। इसमें प्रत्येक अरबपति की प्रोफाइल शामिल है, जो एक टूल के माध्यम से अरबपतियों की संपत्ति की गणना करता है।